जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

# राष्ट्रदूत

epaper.rashtradoot.com

उदयपुर

Rashtradoot

फोनः- 2418945 फैक्सः- 0294-2410146 वर्षः 30 संख्याः 223 प्रभात उदयपुर, गुरुवार 15 जून, 2023 आर.जे. 7202 पृष्ठ 8 मूल्य 2.50 रु.



अमेरिका से आया रैड इयर्ड स्लाइडर टर्टल भारतीय जैव विविधता के लिए खतरा बन गया है। चूंकि यह बहुत छोटा है और इसका रख रखाव भी आसान है इसलिए पालतू जानवर के रुप में यह बेहद लोकप्रिय है। विशेषज्ञों का मत है कि, यह कछुआ स्थानीय कछुआ प्रजातियों के लिए खतरा बन गया है। असम के वाइल्डलाइफ बायॉलजिस्ट जयादित्य पुरकायस्थ, जो आई.यू.सी.एन. के टर्टल स्पेशलिस्ट ग्रुप के भी सदस्य हैं, ने कहा कि, रैड इयर्ड स्लाइडर टर्टल असल में साउथ ईस्टन यू.एस.ए. एवं मैक्सिको में मिलते हैं, पर वन्यजीवों के व्यापार के कारण अब ये भारत सहित समूचे विश्व में फैल गए हैं। भारत में स्थानीय कछुआ प्रजातियों को पालतू बनाना प्रतिबंधित है, पर, विदेशी प्रजातियों को पाला जा सकता है इसलिए कई लोग इन कछुओं को घर में रखते हैं। इस कछुए का उल्लेख कन्वैन्शन ऑन इन्टरनैशनल ट्रेड इन एन्डेजर्ड स्पीशीज़ में भी नहीं है। छोटे साइज़ के होने के कारण ये आराम से बाजार में मिल जाते हैं। घर पर भी रखे जाते हैं, लेकिन बड़ा होने पर जब ये छोटे तालाब में नहीं आते तो लोग इन्हें नदी या बड़े तालाब में छोड़ देते हैं, यहाँ पर ये स्थानीय प्रजातियों के लिए खतरा बन जाते हैं। स्थानीय प्रजातियों के विपरीत ये कछुए हर प्रकार की वनस्पति खा लेते हैं। डायरैक्टर ऑफ टर्टल सर्वाइवल अलायन्स, शैलेन्द्र सिंह ने बताया कि, रैड इयर्ड स्लाइडर टर्टल बेहद आक्रामक होते हैं और स्थानीय प्रजातियों को खदेड़ देते हैं। इनके पंजे घातक होते हैं। ये भारत के कई राज्यों में फैल गए हैं तथा सॉफ्ट शैल व हार्डशैल सहित, अपनी तरह की हर प्रजाति के लिए खतरा बन गए हैं। शैलेन्द्र सिंह ने बताया कि, चंडीगढ़ की सुखना लेक से लेकर गुवाहाटी के मंदिरों के तालाब, बैंगलौर की झीलों, मुम्बई में संजय गांधी नैशनल पार्क, दिल्ली की यमुना नदी, हर जगह ये कछुए मिलते हैं। इन्हें विश्व की 100 सबसे खराब घुसपैठिया प्रजातियों में एक माना जाता है। लगभग 73 देशों में इनकी आबादी पर नज़र रखी जाती है। पुरकायस्थ ने कहा कि, अगर इन कछुओं पर अंकुश नहीं लगाया गया तो, बिटिश काल में दक्षिण अमेरिका से आए, जलकुंभी पौधे की तरह ये भी मुसीबत बन जाएंगे।

# 'वादे करके चुनाव जीतना तो आसान था, वादों की "डिलीवरी" उतनी ही मुश्किल है'

## कर्नाटक की कांग्रेस सरकार पहले दिन से इस सच्चाई से वाकिफ हो रही है

- सबसे ज्यादा दिक्कत आ रही है, बिजली की रेट में भारी वृद्धि से।
- पहले तो जनता राजी हो रही थी, 200 यूनिट बिजली फ्री देने की घोषणा से। पर अब घोषणा में, महीन अक्षरों में जो लिखा है, लोग उसके बारे में बारिकी से पूछ रहे हैं, राहत किस तरह से मिलेगी? क्या प्रक्रिया होगी, क्या मापदण्ड होंगे?
- एक तरफ फ्री बिजली, दूसरी ओर रेट बढ़ा देने से बिजली के बिल में 35 प्रतिशत की वृद्धि।
- एक आम आदमी के बिल में 35 प्रतिशत की वृद्धि हुई।
- यह इतना बड़ा मुद्दा बन गया है कि, इण्डस्ट्रीज एसोसिएशन भी आंदोलन के मूड में आ गयी है।
- बिडाडी औद्योगिक क्षेत्र, जहां दुनिया की टॉप ब्राण्ड्स, टोयोटा, कोका कोला, ब्रिटेनिया के कारखाने हैं, की इकाइयाँ बिजली की दर की भारी वृद्धि के कारण महाराष्ट्र शिफ्ट होने की सोच रही हैं।

-लक्ष्मण वैंकट कुची-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 14 जून। ऐसा लगता है कि कांग्रेस के लिए कर्नाटक में चुनाव जीतना लोगों की आकांक्षाएं पूरी करने से ज्यादा आसान था। कर्नाटक में कांग्रेस सरकार ने चुनाव प्रचार में दी गई सभी 5 गांरटियों का क्रियान्वयन करना शुरु कर दिया, पर लोग अब इन गारंटियों के अंतिम प्रारुप के बारे में पूछ रहे हैं।

उदाहरण के लिए अब गाइडलाइन्स बन रही हैं कि मुफ्त सुविधाएं लेने के दायरे में कौन आता है तथा किन घरों को 200 यूनिट बिजली मुफ्त मिलेगी। पर असंतोष के स्वर भी उभरने लगे हैं और लोग सरकार के काम काज को बारीकी से देख रहे हैं और इस समय की गई कोई भी गलती लोकसभा चुनाव में पार्टी को भारी पड़ सकती है।

भाजपा की हालात पर पूरी नज़र है और वह सरकार को घेरने की पूरी तैयारी में है। ऐसा एक दिन भी नहीं जाता, जब विपक्षी पार्टी वायदों पर अमल करने में सरकार की गलतियां गिनाने से बाज नहीं आती।

कांग्रेस को भारी तादाद में वोट देने वाले लोगों की सबसे बड़ी चिंता बिजली की दरों में की गई वृद्धि है। सरकार की तरफ से किया गया यह स्पष्टीकरण कि, यह फैसला बोम्मई सरकार का था और वह इसे पलट नहीं सकती है, जनता को संतुष्ट नहीं कर रहा है।

बिजली बिल शुल्क बढ़ने पर सबसे बड़ी चिंता है औद्योगिक इकाइयों की धमकी कि वे कर्नाटक छोड़कर महाराष्ट्र चले जाएंगे।

राज्य के औद्योगिक क्षेत्रों में गुस्सा

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# भाजपा व शिन्दे शिव सेना के बीच विज्ञापन युद्ध तीव्र हुआ

- पहले शिन्दे शिव सेना ने सभी अखबारों में विज्ञापन दिया, जिसका नारा थाः "मोदी भारत में, शिन्दे महाराष्ट्र में, जनता की पसंद ड्रीम टीम"
- जवाब में भाजपा ने कैबिनेट की बैठक पर पोस्टर लगाये, पर मु.मंत्री की फोटो गायब थी पोस्टर में।
- दूसरे दिन, शिन्दे शिव सेना ने एक और फुल पेज का विज्ञापन छपवाया, जिसमें मोदी, शाह, आनंद डिगे व बाला साहब ठाकरे की फोटो सबसे ऊपर की पंक्ति में थी, बीच में एकनाथ शिन्दे का फोटो तथा नीचे की लाइन में शिन्दे शिव सेना के मंत्रियों की फोटो थी, पर, फड़नवीस का चित्र गायब था।
- संघर्ष इतना बढ़ा, इस विज्ञापन युद्ध से कि, भाजपा प्रदेशाध्यक्ष ने वक्तव्य दिया कि, भाजपा विधानसभा चुनाव में 240 सीटों पर उम्मीदवार उतारेगी और केवल 48 सीटें छोड़ेगी शिन्दे शिव सेना के लिये।

-श्रीनंद झा-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 14 जून। समाचार पत्र-विज्ञापन-अभियान से महाराष्ट्र का राजनैतिक वातावरण गर्मा गया है। इस अभियान से ऐसे स्पष्ट संकेत मिल रहे हैं कि सत्तारूढ़ गठबंधन पार्टनरों- भाजपा और शिव सेना के एकनाथ शिंदे गुट के बीच सब कुछ ठीक-ठाक नहीं चल रहा है।

मंगलवार को प्रतिष्ठित अखबारों के मुखपृष्ठों पर पूरे पृष्ठ के विज्ञापन दिखाई दिये, जिनकी टैग लाइन थी- "भारत के लिये मोदी, महाराष्ट्र के लिये शिंदे। सबकी प्रिय "ड्रीम टीम"। उप मुख्यमंत्री देवेन्द्र फड़नवीस उस पोस्टर से न केवल गायब थे (जिस पर केवल प्रधानमंत्री मोदी एवं मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के फोटोग्राफ थे), बल्कि इस विज्ञापन में जी न्यूज़-मैट्रिज़ के एक सर्वे के हवाले से यह भी कहा गया था कि अगले चुनावों में 26.1 प्रतिशत लोगों ने मुख्यमंत्री के रूप में शिंदे को देखने की इच्छा व्यक्त की है, जबकि 23.2 प्रतिशत लोगों की पसंद फड़नवीस रहे हैं।

भाजपा ने अविवेकपूर्ण संकेत देते हुये संकेत दिये हैं कि पार्टी इस पोस्टर से व्याकुल है। भगवा पार्टी ने उसी दिन हुई उस कैबिनेट मीटिंग के पोस्टर लगा दिये, जिनमें मुख्यमंत्री शिंदे का फोटो नदारद था।

महाराष्ट्र सरकार ने बुधवार को एक और विज्ञापन दिया, जिसमें बैनर पर सबसे ऊपर मोदी, अमित शाह, आनन्द दिप्पे तथा बाला साहेब ठाकरे सहित कई नेताओं के फोटोग्राफ थे, शिंदे का फोटो बीचों बीच था, तथा बैनर के नीचे वाले हिस्से पर (शिंदे के अलावा) शिव सेना के सभी 9 मंत्रियों के फोटो दिये गये थे।

अगले साल होने वाले लोकसभा तथा विधानसभा चुनावों से पहले, जाहिर है कि मुख्यमंत्री शिंदे स्वयं को दृढ़तापूर्वक स्थापित करना चाह रहे हैं, जबकि भाजपा की कोशिश उनकी पार्टी को क्षति पहुँचाने की है। चन्द महीने पहले, राज्य भाजपा के अध्यक्ष चन्द्रशेखर बावनकुल ने यह कहते हुये खलबली पैदा कर दी थी कि वे फड़नवीस को मुख्यमंत्री के पद पर देखना चाहते हैं। मार्च में बावनकुले ने कहा था कि भाजपा राज्य की 240 सीटों पर चुनाव लड़ेंगी तथा केवल 48 सीटें ही शिंदे की पार्टी के लिये छोड़ेंगी। पिछले महीने, भाजपा विधायक संजय केलकर ने कल्याण सीट पर अपना दावा ठोका था, जिसका प्रतिनिधित्व इस

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

क्या आपको कम सुनाई देता है।
कान की मशीनें
स्पीच थैरेपी
फ्री सुनाई की जाँच
TRIAL OF HEARING AID
CALL FOR APPOINTMENT
+91 94602 07080
PERFECT SPEECH AND HEARING SOLUTIONS
Tonk Road, JAIPUR | Vaishali Nagar, JAIPUR
www.perfecthearingsolutions.com

# न्यू इंडिया अश्योरैंस कंपनी पर 1.30 लाख रू. का जुर्माना

- जिला उपभोक्ता आयोग ने क्लेम राशि नहीं देने के कारण बीमा कम्पनी पर जुर्माना लगाया और परिवादी की ओर से खर्च 15 लाख रू. की राशि 9 प्रतिशत ब्याज सहित लौटाने के आदेश दिए।

जयपुर, 14 जून (का.सं.)। जिला उपभोक्ता आयोग, द्वितीय, ने वाहन का बीमा क्लेम नहीं देने पर, द न्यू इंडिया अश्यौरैंस कंपनी पर एक लाख तीस हजार रुपए का हर्जाना लगाया है। इसके साथ ही आयोग ने दुर्घटनाग्रस्त वाहन को ठीक करने के लिए परिवादी की ओर से खर्च की गई करीब 15 लाख बीस हजार रुपए की राशि, नौ फीसदी ब्याज सहित अदा करने को कहा है। आयोग के अध्यक्ष ग्यारसी लाल मीना व सदस्य श्रीचंद तेतरवाल ने ये आदेश रामनिवास यादव के परिवाद पर दिए।

आयोग ने अपने आदेश में कहा

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# नये संसद भवन में प्रदर्शित भित्ति चित्र ने बवाल मचाया

## इस भित्ति चित्र में सम्राट अशोक के समय के भारत का चित्रण है, जिसमें दिखाया गया है कि, पाकिस्तान, बंगलादेश, श्रीलंका, अफगानिस्तान का काफी हिस्सा व सैन्ट्रल एशिया का काफी इलाका सम्राट अशोक का साम्राज्य था

- स्वाभाविक ही है, पड़ोसी देशों ने इस नक्शे पर काफी आपत्ति जतायी है। क्योंकि, उनके अनुसार यह भारत की विस्तारवादी महत्वकांक्षा का सबूत है।
- वे रूस का उदाहरण देते हैं कि, पीटर द ग्रेट के नक्शे को पुतिन ने उपयोग में लिया था और यूक्रेन को रूस का हिस्सा बताया था।
- इसी प्रकार चीन भी, चीन के साम्राज्य को आधार बनाकर साऊथ चाइना सी पर अपना एकाधिकार बताता है। जैसा कि विदित ही है, साऊथ चाइना सी वर्तमान में विश्व में व्यापार का बहुत महत्वपूर्ण "सी-रूट" (समुद्री मार्ग) है।

-अंजन रॉय-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 14 जून। नए संसद भवन में लगे नक्शे ने पड़ोसी देशों के साथ-साथ अन्तर्राष्ट्रीय समुदाय को न केवल चिंतित कर दिया है और विवाद को भी जन्म दिया है।

कई जाने-माने अंतर्राष्ट्रीय मीडिया इस नक्शे को समकालीन भारत में इतिहास की संशोधनवादी व्याख्या का एक उदाहरण बता रहे हैं जिससे विवाद व कूटनीतिक संकट पैदा हो रहा है।

भारत के कुटनीतिक विभाग ने हालांतिक इन चिंताआं व आलोचनाओं को यह कहकर नकार दिया कि यह नक्शा अशोक साम्राज्य को दर्शाता है। यह भारत की साम्राज्य निर्माण महत्वाकांक्षा का परिचायक नहीं है।

यह नक्शा नए संसद भवन की दीवार पर बना एक भित्ती चित्र है जिसमें तीसरी सदी ईसा पूर्व के सम्राट अशोक के साम्राज्य को दर्शाया गया है। सम्राट अशोक के नेतृत्व में मौर्य साम्राज्य बहुत दूर तक फैल गया था जिसमें आज का पाकिस्तान, बांग्लादेश, सीलोन (श्रीलंका), अफगानिस्तान और मध्य एशिया के कुछ भाग शामिल थे।

कुछ मुखर राष्ट्रवादी बताते हैं कि 1947 का खंडित भारत असली भारत

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# 'सरकारी डॉक्टर घर में दवाएं रख सकते हैं'

- सुप्रीम कोर्ट ने यह आदेश देकर मद्रास हाई कोर्ट के आदेश को पलट दिया और घर में दवा रखने के आरोप में गिरफ्तार डॉ. अतिलक्ष्मी को दोष मुक्त कर दिया।

-जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 14 जून। सुप्रीम कोर्ट ने मद्रास हाई कोर्ट के एक आदेश को पलटते हुए, ड्रग्स एण्ड कॉस्मैटिक्स एक्ट 1940 के तहत गिरफ्तार डॉक्टर को दोषमुक्त करते हुए निर्णय दिया कि, एक सरकारी डॉक्टर अपने घर पर दवाएं रख सकता है तथा मरीजों को दे सकता है।

सुप्रीम कोर्ट ने अपने आदेश में कहा कि, डॉक्टर त्वचा विभाग का हैड ऑफ द डिपार्टमैंट व मैडिकल कॉलेज में अस्टिटैंट प्रोफेसर है तथा ड्रग इन्स्पैक्टर

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# करोड़पतियों का भारत से पलायन बदस्तूर जारी है

## देश छोड़ कर जाने वाले धनाढ्यों के लिये सबसे पसंदीदा देश है दुबई व सिंगापुर

- भारतीयों की दुबई में बढ़ती संख्या के कारण, दुबई को भारत का पाँचवाँ सबसे बड़ा शहर भी कहा जाता है।
- यह भी सच है कि, इस पलायन से भारत ज्यादा चिंतित नहीं है, क्योंकि 7 वर्ष में भारत में इतने नये धनाढ्य पनप रहे हैं कि, जाने वालों की संख्या का खास असर नहीं पड़ता।
- पर, अर्थशास्त्रियों का यह भी मानना है कि, पलायन करने में सबसे आगे रहते हैं करोड़पति धनाढ्य। अगर देश का औद्योगिक या व्यापारिक माहौल थोड़ा भी गड़बड़ाता है तो, धनाढ्य सबसे पहले भागते हैं, अतः देश में धनाढ्यों का पलायन, इस बात का प्रारंभिक संकेत जरूर माना जा सकता है कि, कुछ ठीक नहीं चल रहा देश की इकॉनमी में।

-डॉ. सतीश मिश्रा-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 14 जून। हेनली प्राइवेट वैल्थ माइग्रेशन रिपोर्ट, 2023 के अनुसार, देश से अरबपतियों का पलायन जारी रहने की उम्मीद है क्योंकि 6500 हाई-नैट वर्थ इन्डीविजुअल्स (एच.एन.डब्ल्यू.आई.) के 2023 में निवेश में जाकर बस जाना अपेक्षित है। ज्ञातव्य है कि एच.एन.डब्ल्यू.आई. वैश्विक स्तर पर धन एवं निवेश के देश से बाहर जाने की प्रवृत्ति पर नजर रखती है।

लंदन स्थित हेनली एण्ड पार्टनर्स प्रतिवर्ष ऐसी रिपोर्ट जारी करते हैं।

विशेषज्ञों का कहना है कि, "धनवान भारतीय परिवारों के पसंदीदा देश दुबई तथा सिंगापुर बने हुये हैं। दुबई, जो "भारत के पांचवे महानगर" के रूप में प्रसिद्ध है, खासतौर से सरकार संचालित ग्लोबल इन्वैस्टर "ग्लोबल वीज़ा" प्रोग्रैस, अनुकूल टैक्स व्यवस्था, विशाल बिजनैस ईकोसिस्टम तथा सुरक्षित एवं शांतिपूर्ण माहौल के कारण आकर्षण का केन्द्र बना हुआ है।

रिपोर्ट के अनुसार, दिलचस्प बात यह है कि हाल ही में, पुर्तगाल भी भारतीय अरबपतियों की बड़ी धनराशि का गंतव्य बन गया है क्योंकि लिस्बन में अपने "गोल्डन रेजीडेंस परमिट प्रोग्रैस" की घोषणा कर दी थी। विशेषज्ञों का कहना है कि ऐसा प्रतीत होता है कि पुर्तगाल का आकर्षक "परमिट प्रोग्रैस" अपनी अधिकतम क्षमता पर पहुंच गया है पुर्तगाल क्योंकि पुर्तगाल गोल्डन रेजीडेन्स परमिट प्रोग्रैस की समाप्ति की घोषणा कर दी गई है, जिसके चलते पुर्तगाल के रियल एस्टेट तथा अन्य जोखिमपूर्ण कार्यों में उल्लेखनीय निवेश हुआ था।

इस साल देश से बाहर जाकर बसने वाले अरबपतियों के मामले में चीन पहले नम्बर पर रहा है। अनुमानतः चीन के 13,500 एन.एन. डब्ल्यू.आई. विदेशों में जाकर बस गये हैं। इस संदर्भ में, चीन के बाद दूसरे स्थान पर भारत रहा है। लेकिन रिपोर्ट के अनुसार, दूसरी सबसे बड़ी संख्या में अरबपतियों के विदेशों में बस जाने के बावजूद, भारत की स्थिति में सुधार की संभावना है क्योंकि गत वर्ष, विदेश में बस जाने वाले भारतीयों की संख्या 7500 थी। रिसर्च ऐट न्यू वर्ल्ड वैल्थ" के प्रमुख एन्ड्रू अमोइल्स कहते हैं कि अरबपतियों का "यह निर्गमन कोई खास चिंता का विषय नहीं है क्योंकि भारत से जितने अरबपति विदेश जाकर बस रहे हैं, उससे काफी ज्यादा अरबपति यहां बन रहे हैं।"

"हेनली एण्ड पार्टनर्स" के सी.ई.ओ. ज्यूर्ग स्टीफन कहते हैं कि विदेश जाने वाले अरबपतियों की संख्या में बढ़ोतरी प्रायः किसी देश में विश्वास की कमी की ओर संकेत करती है क्योंकि सबसे पहले आम तौर से एच.एन.आई. ही देश छोड़कर जाते हैं। वे कहते हैं, "सम्पन्न लोग बहुत ज्यादा गतिशील होते हैं तथा उनके देश छोड़कर जाने से किसी भी देश की अर्थव्यवस्था और उसकी आगामी संभावना की पूर्व चेतावनी के संकेत मिल जाते हैं।"

इसके अलावा, धन के विदेश जाने की प्रवृत्ति महामारी के पहले वाली स्थितियों की ओर लौट रही है तथा ऑस्ट्रेलिया धन के गंतव्य स्थानों में पुनः पहले नम्बर पर आता प्रतीत हो रहा है तथा चीन, देश छोड़कर जाने वाले एच.एन.आई. की सर्वोच्च संख्या का साक्षी बना हुआ है। रिपोर्ट में सामने आया है कि इस वर्ष देश छोड़कर जाने वाले धनी परिवार ऑस्ट्रेलिया, यू.ए.ई., सिंगापुर, अमेरिका तथा स्विट्जरलैंड को अपने पसंदीदा देश मान रहे हैं, जबकि जिन देशों से सबसे अधिक, अमीर परिवार विदेशों में जा रहे हैं, उनमें चीन, भारत, इंग्लैण्ड, रूस तथा ब्राजील अग्रणी हैं।

महत्वपूर्ण बात यह है कि इस साल ज्यादातर एच.एन.आई. को आकर्षित करने वाले 10 शीर्ष देशों में से 9 देशों ने "इन्वैस्टमैंट माइग्रेशन प्रोग्रैस", जिसे "गोल्डन वीजा प्रोग्रैस" के नाम से भी जाना जाता है, प्रस्तावित किया है। यह प्रोग्रैस प्रत्यक्ष विदेशी निवेश को अपनी ओर खींचने में चुम्बक का काम कर रहा है। रिपोर्ट कहती है, "सिंगापुर,

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# 'पंजाब में अभी भी 1934 वाले सिविल सेवा नियम चल रहे हैं'

- कोर्ट ने यह कहते हुए पंजाब सरकार को फटकारा और सिविल सेवा नियमों को अपडेट करने के निर्देश दिए।

-जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 14 जून। सर्वोच्च न्यायालय ने पंजाब सिविल सर्विस रूल्स, 1934 को अपडेट या संशोधित न किये जाने पर अप्रसन्नता व्यक्त की है। अदालत ने कहा कि ऐसा होने से पदों का सही एवं अधिकृत विवरण दूर हो सकेगा तथा भ्रम की स्थिति का निराकरण हो सकेगा।

न्यायमूर्ति विक्रमनाथ एवं अहसानुद्दीन अमानुल्लाह की अवकाशकालीन बैंच ने कहा कि नियम समय के साथ नहीं चले है तथा लम्बा समय गुजर जाने के कारण विसंगतियाँ

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## विचार बिन्दु

त्याग यह नहीं कि मोटे और खुरदरे वस्त्र पहन लिए जायें और सूखी रोटी खायी जाये, त्याग तो यह है कि अपनी इच्छा अभिलाषा और तृष्णा को जीता जाये। –सुफियान सौरी

# जैव विविधता और समृद्धि का धनी है भारत

जैव विविधता पृथ्वी पर जीवन की समृद्धि और विविधता का वर्णन करती है। यह हमारे ग्रह की सबसे जटिल और महत्वपूर्ण विशेषता है। जैव विविधता के बिना जीवन कायम नहीं रहेगा। जैव विविधता में एक पारिस्थितिकी तंत्र में विभिन्न जीवों की संख्या और उनकी सापेक्ष आवृत्तियाँ शामिल हैं। यह विभिन्न स्तरों पर जीवों के संगठन को भी दर्शाता है। जैव विविधता पारिस्थितिक और आर्थिक महत्व रखती है। यह हमें पोषण, आवास, ईंधन, कपड़े और कई अन्य संसाधन प्रदान करता है। यह पर्यटन के माध्यम से मौद्रिक लाभ भी निकालता है। इसलिए स्थायी आजीविका के लिए जैव विविधता का अच्छा ज्ञान होना बहुत जरूरी है।

हमारा जीवमंडल बहुत सारी विविधताओं से बना है। जैव विविधता दो शब्दों से मिलकर बनी है। जैव का अर्थ है जीवन और विविधता का अर्थ है अनेकता। किसी विशेष आवास में जीवन की संख्या और विभिन्न प्रकार के जीवन रूपों (पौधे, जानवर, सूक्ष्मजीव) को जैव विविधता कहा जाता है। जैव विविधता को बनाये रखने के लिए यह महत्वपूर्ण है की हम अपनी धरती के पर्यावरण को बनाये रखे। जैव विविधता का संबंध मुख्य रूप से अलग-अलग तरह के पेड़ पौधों और पशु-पक्षियों का धरती पर एक साथ अपने अस्तित्व को बनाये रखने से है। लाखों विशिष्ट जैविक की कई प्रजातियों के रूप में पृथ्वी पर जीवन उपस्थित है और हमारा जीवन प्रकृति का अनुपम उपहार है। पेड़-पौधे, अनेक प्रकार के जीव-जंतु, मिट्टी, हवा, पानी, महासागर-पठार, समुद्र-नदियां इन सभी का संरक्षण जरुरी है क्योंकि ये सभी हमारे अस्तित्व एवं विकास के लिए महत्वपूर्ण है।

जैव विविधताओं से समृद्ध और परिपूर्ण देश है भारत। यहां पर तीन से चार हजार के करीब जैव-प्रजातियां जीवन-मृत्यु के बीच संघर्ष कर रही हैं। यहां हिमालय जैसा विशाल पर्वत है, तो प्रायद्वीपीय पठार भी है, यहां विशाल मैदान है, तो विस्तृत जल-विस्तार भी हैं। यहां हर क्षेत्र में नदियों का जाल बिछा हुआ है, जबकि दक्षिणी तटवर्ती क्षेत्र में समुद्र का विस्तार है। इसलिए, यहां जलचर, थलचर और उभयचर सभी के जीव-जंतु पाएं जाते हैं और पर्याप्त वर्षा तथा जलवायु की विविधता के कारण विविध प्रकार की वनस्पतियां भी मिलती हैं। भारत में संसार का 2.4 प्रतिशत भू-भाग है जिसके 7 से 8 प्रतिशत भू-भाग पर भिन्न प्रजातियां पाई जाती हैं। प्रजातियों में भारत स्तनधारियों में 7वें, पक्षियों में 9वें और सरीसृप में 5वें स्थान पर है। विश्व के 11 प्रतिशत के मुकाबले भारत में 44 प्रतिशत भू-भाग पर फसलें बोई जाती हैं। भारत के 23.39 प्रतिशत भू-भाग पर पेड़ और जंगल फैले हुए हैं। दुनियाभर की 34 चिह्नित जगहों में से भारत में जैवविविधता के तीन हॉटस्पॉट हैं- जैसे हिमालय, भारत बर्मा, श्रीलंका और पश्चिमी घाट। यह वनस्पति और जीव जंतुओं के मामले में बहुत समृद्ध है और जैव विविधता के संरक्षण का कार्य करता है। पर्यावरण के अहम मुद्दों में से आज जैव विविधता का संरक्षण एक अहम मुद्दा है। जैविक विविधता के संवर्धन और उसके संरक्षण की बड़ी चुनौती है साथ-साथ प्राकृतिक संसाधनों से लोगों की जरूरतों को भी पूरा करना होता है।

**पृथ्वी पर विविध प्रकार का जीवन विकसित हुआ है जो मानव के अस्तित्व में आने के साथ ही उसकी आवश्यकताओं को पूर्ण करता रहा है और आज भी कर रहा है। प्रकृति में अनेकानेक प्रकार के पादप एवं जीव-जन्तु हैं जो परिस्थितिक तन्त्र के अनुरूप विकसित एवं विस्तारित हुए हैं और उनका जीवन चक्र क्रमिक रूप से चलता रहता है जब तक पर्यावरण अनुकूल रहता है।**

पृथ्वी पर विविध प्रकार का जीवन विकसित हुआ है जो मानव के अस्तित्व में आने के साथ ही उसकी आवश्यकताओं को पूर्ण करता रहा है और आज भी कर रहा है। प्रकृति में अनेकानेक प्रकार के पादप एवं जीव-जन्तु हैं जो परिस्थितिक तन्त्र के अनुरूप विकसित एवं विस्तारित हुए हैं और उनका जीवन चक्र क्रमिक रूप से चलता रहता है जब तक पर्यावरण अनुकूल रहता है। जैसे ही पर्यावरण में प्रतिकूलता आती है, पारिस्थितिक चक्र में व्यतिक्रम आने लगता है। जीव-जन्तुओं एवं पादपों पर संकट आना प्रारम्भ हो जाता है। यही कारण है कि वर्तमान विश्व में अनेक जैव प्रजातियाँ विलुप्त हो गई हैं और अनकों संकटग्रस्त हैं। जैव विविधता के ह्रास से प्रायः परितंत्र की उत्पादकता कम हो जाती है, जिसके कारण विभिन्न वस्तुओं और सेवाओं को प्रदान करने संबंधी उनकी क्षमता भी कम हो जाती है।

जिनका हम लगातार उपभोग करते हैं। इससे परितंत्र में अस्थिरता आती है और प्राकृतिक आपदाओं जैसे बाढ़, सूखा और तूफान एवं मानव जनित दबावों जैसे प्रदूषण और जलवायु परिवर्तन से लड़ने की क्षमता भी कम हो जाती है। वातावरण में तीव्र गति से होते नकारात्मक बदलाव के कारण बहुत से पेड़-पौधे और पशु-पक्षी विलुप्त हो चुके है जिससे जैव विविधता को बनाये रखने के स्तर में भी काफी गिरावट आई है। इसलिए यह जरुरी हो जाता है की मानव के अस्तित्व को बचाये रखने के लिए और अपने वातावरण की शुद्धता के लिए इन नकारात्मक बदलावों को काबू किया जाये।

जैव-विविधता से हमारे रोजमर्रा की जरूरतों यथा रोटी, कपड़ा, मकान, ईंधन, औषधियों आदि आवश्यकताओं की पूर्ति होती है। यह पारिस्थितिक संतुलन को बनाये रखने तथा खाद्यान्न उत्पादन बढ़ाने में भी सहायक होती है। पर्यावरण संरक्षण, पारिस्थितिक स्थिरता, फसल उत्पादन में बढ़ोत्तरी के साथ-साथ तपन, बाढ़, सूखा, भूमि क्षरण आदि से बचाव के लिए जैव-विविधता संरक्षण समय की सबसे बड़ी जरूरत है। वर्तमान में मनुष्य का तकनीक की तरफ इतना ज्यादा झुकाव हो गया है वह इसके दुष्परिणाम को भी नहीं समझना चाहता। मानव के लिए यह सही समय है कि वह इस संकट को गंभीरता से ले और वातावरण को शुद्ध बनाने का संकल्प ले।

साफ-सुथरा वातावरण ही समृद्ध जैव विविधता को बढ़ावा दे सकता है। हर एक वनस्पति तथा जीव को रहने योग्य बनाने में अलग-अलग उद्देश्य है। इसलिए हमें अपने वातावरण की शुद्धता को उच्च स्तर तक पहुँचाना है तो जैव विविधता के संतुलन को बनाये रखने पर अपना ध्यान केंद्रित करना होगा। जिससे मानव जाति को जीवनयापन में किसी तरह की कठिनाई का सामना न करना पड़े।

**–अतिथि संपादक,**
**बाल मुकुन्द ओझा**
**वरिष्ठ लेखक एवं पत्रकार**

## राशिफल गुरूवार 15 जून, 2023



पंडित अनिल शर्मा

आषाढ़ मास, कृष्ण पक्ष, द्वादशी तिथि, गुरूवार, विक्रम संवत 2080, भरणी नक्षत्र दिन 2:12 तक, सुकर्मा योग रात्रि 2:02 तक, तैतिल करण प्रातः 8:33 तक, चन्द्रमा आज रात्रि 8:33 से वृष राशि में संचार करेगा।

**ग्रह स्थितिः** सूर्य-वृष, चन्द्रमा-मेष, मंगल-कर्क, बुध-वृष, गुरू-मेष, शुक्र-कर्क, शनि-कुम्भ, राहु-मेष, केतु-तुला राशि में।

आज यमघट योग दिन 2:12 से सूर्योदय तक है। आज आषाढ़ संक्रान्ति है। सूर्य मिथुन राशि में सांय 6:161 से प्रवेश करेगा। पुण्य काल दिन 11:52 से आरम्भ होगा। आज प्रदोष व्रत, राज्य संक्राति है।

**सर्वश्रेष्ठ चौघड़ियाः** शुभ सूर्योदय से 7:14 तक, चर 10:44 से 12:27 तक, लाभ-अमृत 12:27 से 3:52 तक, शुभ 5:35 से सूर्यास्त तक।

**राहूकालः** 1:30 से 3:00 तक। सूर्योदय 5:37, सूर्यास्त 7:18



**मेष**
वर्तमान में चल रहा मानसिक तनाव दूर होगा। मनःस्थिति में सुधार होगा। आवश्यक और महत्वपूर्ण कार्य सुगमता से बनने लगेंगे। व्यावसायिक कार्यों में प्रगति होगी। व्यावसायिक आय में वृद्धि होगी।



**सिंह**
शुभ कार्यों में व्यवधान सामने आ सकते हैं। नवीन कार्यों को टालना ठीक रहेगा। घर-गृहस्थी के खर्चों में अनावश्यक वृद्धि होगी। व्यावसायिक कार्यों के लिए दिन अच्छा रहेगा।



**धनु**
परिजनों के व्यवहार के कारण मन खिन्न हो सकता है। आपसी ईर्ष्या-वैमनस्यता के कारण परेशानी हो सकती है। आवश्यक और महत्वपूर्ण कार्यों में दुविधा बनी रहेगी। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।




**वृष**
मित्रों/रिश्तेदारों के कारण समय खराब हो सकता है। घर-गृहस्थी के खर्चों में अनावश्यक वृद्धि हो सकती है। शुभ-मांगलिक कार्यों में व्यवधान सामने आ सकते हैं।



**कन्या**
आर्थिक मामलों में परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। संभावित धन प्राप्ति में विलम्ब हो सकता है। बनते कार्य बिगड़ सकते हैं। यात्रा में दुर्घटना का भय बना रहेगा।



**मकर**
घर-परिवार में अतिथियों का आगमन बना रहेगा। परिवार में धार्मिक-सामाजिक समारोह सम्पन्न हो सकते हैं। स्वास्थ्य संबंधित मामलों में लापरवाही ठीक नहीं रहेगी।



**मिथुन**
आर्थिक मामलों पर ध्यान देना ठीक रहेगा। आय में वृद्धि होगी। संभावित स्त्रोत से धन प्राप्त होगा। व्यावसायिक कार्यों में प्रगति होगी। नौकरीपेशा व्यक्तियों को महत्वपूर्ण जिम्मेदारी मिल सकती है।



**तुला**
परिवार में प्रसन्नता-हर्षोल्लास का माहौल रहेगा। परिवार में धार्मिक-मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। परिवार में आपसी सहयोग से वर्तमान समस्या का समाधान हो सकता है।



**कुंभ**
परिवार में मन को प्रसन्न करने वाले संदेश प्राप्त होंगे। परिचितों के सहयोग से वर्तमान समस्या का समाधान हो सकता है। व्यावसायिक/आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।



**कर्क**
व्यावसायिक कार्यों को प्राथमिकता से करने का प्रयास करें। व्यावसायिक कार्य शीघ्रता/सुगमता से बनने लगेंगे। नवीन कार्यों के लिए दिन अच्छा रहेगा। आर्थिक स्थिति में सुधार होगा।




**वृश्चिक**
विवादित मामलों से राहत मिल सकती है। अनहोनी की आशंका से बना हुआ मन का भय समाप्त होगा। स्वास्थ्य संबंधित चिन्ता दूर होगी।



**मीन**
व्यावसायिक कार्यों से संबंधित आर्थिक समस्या का समाधान हो सकता है। संभावित स्त्रोत से धन प्राप्त होगा। चलते कार्यों में प्रगति होगी। खान-पान के कारण स्वास्थ्य खराब हो सकता है।

# ज्यों ज्यों दवा दी, मर्ज बढ़ता ही गया!



प्रकाश चंद्र शर्मा

**भारत** में ही नहीं, वैश्विक स्तर पर भी भ्रष्टाचार के बेलगाम ऊंट की नाक में नकेल कसने के लिए लगभग सभी देशों में कड़े कानून लागू हैं। संशोधनों के जरिए साल-दर-साल सख्त किए जा रहे इन कानूनों में भ्रष्टाचार पर अंकुश के लिए नित नए आयाम जोड़े जा रहे हैं। इसके बावजूद भी भ्रष्टाचार का सरपट दौड़ता ऊंट अभी तक काबू वाले पहाड़ के नीचे नहीं आ पाया है। भ्रष्टाचार के इस रंग में न सिर्फ़ राजनेता बल्कि सरकारी अफसर और उनके अधीनस्थ काम करने वाले कर्मचारियों की भी बड़ी तादाद सीधे तौर पर रंगी हुई है। आम चलन में अब भ्रष्टाचार भी एक प्रकार का शिष्टाचार बन चुका है, जहां किसी काम के बदले दी और ली जाने वाली घूस को दोनों ही पक्ष अपना कर्तव्य और अधिकार मानने लगे हैं। भ्रष्ट आचरण से जुड़ा यह कार्य भारी प्रचलन के कारण धीरे-धीरे दो पक्षों के समझौते में तब्दील सा हो चुका है। इसमें एक पक्ष सभ्य कहलाने वाला वह नागरिक होता है, जिसकी किसी कार्य से सम्बंधित पत्रावली किसी सरकारी, अर्द्धसरकारी या गैर सरकारी दफ्तर में लम्बित होती है। जायज कार्य होने के उपरांत भी यह पक्ष घूस रहित आम रास्ते पर चलने के बजाय पगडंडियों की उस राह को चुनता है, जहां हर कदम पर रिश्वत का राक्षस मुंह फाड़े खड़ा हुआ है। इस पक्ष की स्थिति कमोबेश उस मरीज जैसी होती है, जिसे सरकारी अस्पताल में मुफ्त दिखाने के बजाय डॉक्टर से घर पर फीस देकर उपचार लिखाने पर ही संतुष्टि मिल पाती है। दूसरे पक्ष में वे तमाम घूस-भक्षक हैं, जो अपने दफ्तर के दरवाजे पर हर पल गिद्ध जैसी नजरें टिकाए सिर्फ़ शिकार के इंतजार में रहते हैं। पद पर आसीन होने से पूर्व ईमानदारी, सदाचरण और राष्ट्र की निस्वार्थ सेवा की शपथ धारण करने वाला यह दूसरा पक्ष वेतन से होने वाली कमाई को शुमार करने के बजाय रिश्वत से होने वाली अनैतिक कमाई को अपना नैतिक अधिकार समझता है और इसी के चलते भ्रष्टाचार से सम्बद्ध तमाम कार्यकलाप अब सर्वस्वीकार्य हो चुके हैं। खास बात यह है कि नैतिकता के पतन को स्थापित करने वाले इस विश्वव्यापी हमाम में सभी लोग नंगे हैं। वर्तमान में कोई भी देश भ्रष्टाचार के दंश से अछूता नहीं है।

भ्रष्टाचार का शाब्दिक अर्थ है-भ्रष्ट आचरण। ऐसा कार्य जो अपने स्वार्थ सिद्धि की कामना के लिए समाज के नैतिक मूल्यों को ताक पर रख कर किया जाता है, भ्रष्टाचार कहलाता है। भ्रष्टाचार भारत समेत अन्य विकासशील देशों में तेजी से फैलता जा रहा है। भ्रष्टाचार के लिए हम देश के राजनेताओं को ही ज़िम्मेदार मानते हैं पर सच्चाई यह है कि देश का आम नागरिक भी भ्रष्टाचार में विभिन्न स्वरूपों में संलिप्त है। वर्तमान में कोई भी क्षेत्र भ्रष्टाचार से अछूता नहीं है। व्यक्ति का लोभी स्वभाव यानि लालच और असंतुष्टि एक ऐसा विकार है, जो व्यक्ति को बहुत अधिक नीचे गिरने पर विवश कर देता है। यह जानते हुए भी कि मृत्यु के उपरांत वह एक छोटी सी सूई भी अपने साथ नहीं ले जा सकता, व्यक्ति के मस्तिष्क में सदैव ही अपने धन को बढ़ाने की प्रबल इच्छा उत्पन्न होती है। आदत व्यक्ति के व्यक्तित्व में बहुत गहरा प्रभाव डालती है। एक मिलिट्री रिटायर्ड ऑफिसर रिटायरमेंट के बाद भी अपने ट्रेनिंग के दौरान प्राप्त किए अनुशासन को जीवन भर वहन करता है।

व्यक्ति के दृढ़ निश्चय कर लेने पर कोई भी कार्य कर पाना असंभव नहीं होता, वैसे ही भ्रष्टाचार होने का एक प्रमुख कारण व्यक्ति की मनसा (इच्छा) भी है। भ्रष्टाचार देश में लगा वह दीमक है जो अंदर ही अंदर देश को खोखला कर देता है। यह व्यक्ति के व्यक्तित्व का आईना है, जो यह दिखाता है कि व्यक्ति लोभ, असंतुष्टि, आदत और मनसा जैसे विकारों की वजह से कैसे मौके का फायदा उठा सकता है? अपना कार्य ईमानदारी से न करना भ्रष्टाचार है, अतः ऐसा व्यक्ति भ्रष्टाचारी है। समाज में आये दिन इसके विभिन्न स्वरूप देखने को मिलते हैं। भ्रष्टाचार के संदर्भ में यह कहना मुझे अनुचित नहीं लगता, वही व्यक्ति भ्रष्ट नहीं हैं जिन्हें भ्रष्टाचार करने का अवसर नहीं मिला।

**भ्रष्टाचार के विभिन्न प्रकार**

सरकारी काम करने के लिए कार्यालय में चपरासी से लेकर उच्च अधिकारी तक पैसे लेते हैं। इस काम के लिए उन्हें सरकार से वेतन प्राप्त होता है। ऐसी सूरत में आम नागरिक की मदद करना उनका संवैधानिक दायित्व है। इसके साथ ही देश के नागरिक भी अपना काम जल्दी कराने के लिए उन्हें पैसे प्रलोभन देते हैं, अतः यह भ्रष्टाचार है।

नागरिकों द्वारा टैक्स भुगतान करने हेतु प्रत्येक देश में एक निर्धारित पैमाना तय किया गया है लेकिन कुछ व्यक्ति सरकार को अपने आय का सही विवरण नहीं देते और टैक्स की चोरी करते हैं। यह कार्य भी भ्रष्टाचार की श्रेणी में अंकित है। शिक्षा तथा खेल के क्षेत्र में घूस लेकर लोग मेधावी व योग्य उम्मीदवार को सीटें नहीं देते बल्कि जो उन्हें घूस दे, उन्हें दे देते हैं।

**भ्रष्टाचार के परिणाम**

समाज में व्याप्त भ्रष्टाचार देश की उन्नति में सबसे बड़ा बाधक तत्व है। इसके वजह से गरीब और गरीब होता जा रहा है। देश में बेरोजगारी, घूसखोरी, अपराध की मात्रा में दिन-प्रतिदन वृद्धि होती जा रही है यह भ्रष्टाचार के फलस्वरूप है। किसी देश में व्याप्त भ्रष्टाचार के कारणवश परिणाम यह है कि विश्व स्तर पर देश के कानून व्यवस्था पर सवाल उठाए जाते हैं।

माना कि राजस्थान सबसे भ्रष्ट राज्य है लेकिन भ्रष्टाचार फैलाने वाले लोगों के खिलाफ एसीबी की कार्रवाई का आंकड़ा देखा जाए तो प्रति वर्ष राजस्थान एसीबी भ्रष्टाचार फैलाने वाले लोगों पर बड़े पैमाने के साथ शिकंजा कस रही है। राजस्थान में कोई भी ऐसा महकमा नहीं है, जहां भ्रष्टाचार फैलाने वाले बाबू से लेकर बड़े अधिकारी तक एसीबी की गिरफ्त में ना आए हों।

**क्या कहते हैं राजस्थान में एसीबी के आंकड़े ?**

**बिना डीजी के चल रहा है राजस्थान में एसीबी का दफ्तर!**

राजस्थान में कांग्रेस की सरकार बनने के बाद मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने भ्रष्टाचार को काफी गंभीरता से लेते हुए एसीबी के आला अधिकारियों को भ्रष्टाचार को बढ़ावा देने वाले लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए थे। भ्रष्टाचार फैलाने वाले लोगों के खिलाफ राजस्थान एसीबी की ताबड़तोड़ कार्रवाई लगातार जारी है। माना कि राजस्थान सबसे भ्रष्ट राज्य है, लेकिन यदि भ्रष्टाचार फैलाने वाले लोगों के खिलाफ एसीबी की कार्रवाई का आंकड़ा देखा जाए तो प्रति वर्ष राजस्थान एसीबी भ्रष्टाचार फैलाने वाले लोगों पर बड़े पैमाने के साथ शिकंजा कस रही है। एसीबी के कार्रवाई के आंकड़ों पर नजर डालें तो पता चलेगा कि राजस्थान एसीबी चिकित्सा विभाग, पुलिस विभाग, परिवहन विभाग सहित विभिन्न विभागों में भ्रष्टाचार फैलाने वाले लोगों पर नकेल कसने में लगी हुई है। ट्रैप की कार्रवाई के साथ-साथ एसीबी द्वारा आय से अधिक संपत्ति के मामले में और साथ ही पद के दुरुपयोग के मामलों में भी ताबड़तोड़ कार्यवाही की जा रही है।

वही वर्ष 2023 में जनवरी माह में जयपुर एसओजी की अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक,जैसलमेर में तीन सहायक लेखाधिकारी व झुंझुनूं में पंचायत समिति के विकास अधिकारी को तथा फरवरी माह में जोधपुर में आबकारी निरीक्षक व मार्च माह में झालावाड़ में सरपंच, सहकारिता विभाग, हनुमानगढ़ में क्षेत्रीय उपनिदेशक कृषि, चित्तौड़गढ़ में राजकीय अस्पताल के चिकित्सक, जोधपुर में दो थानाधिकारी, अलवर में पीडब्ल्यूडी का एसई, अप्रेल माह में झालावाड़ में सहकारिता विभाग व तहसीलदार, अजमेर में संभागीय आयुक्त कार्यालय का रीडर, मई माह में झुंझुनूं में स्वास्थ्य विभाग डिस्ट्रिक्ट कोर्डिनेटर, सिरोही में कोतवाली उप निरीक्षक, उदयपुर में उप निरीक्षक पुलिस व यूडीएच में उच्च अधिकारी, भरतपुर में अतिरिक्त शिक्षा अधिकारी व पीएचईडी में एक्सईएन, जयपुर में नगर निगम का एआरओ, चित्तौड़गढ़ में स्त्री रोग विशेषज्ञ, बांसवाड़ा में सहायक सांख्यिकी अधिकारी, कोटा में दिल्ली पुलिस के एएसआई तथा जून माह में सवाईमाधोपुर में थानाधिकारी को भ्रष्टाचार के आरोप में गिरफ्तार किया है।

एसीबी के आला अधिकारियों का कहना है कि भ्रष्टाचार फैलाने वाले किसी भी व्यक्ति को नहीं बख्शा जाएगा। उन्होंने आमजन से भी अपील की है कि यदि कोई व्यक्ति उनके आसपास भ्रष्टाचार फैला रहा है या फिर भ्रष्टाचार को बढ़ावा दे रहा है तो उसकी शिकायत एसीबी मुख्यालय तक अवश्य पहुंचाएं। सूचना देने वाले का नाम एसीबी सदैव ही गुप्त रखती है।

**– प्रकाश चंद्र शर्मा,**
**स्वतंत्र पत्रकार एवं लेखक**

# राकेश जायसवाल ने 64वीं बार रक्तदान किया

**बहरोड़/ नीमराना,** (निसं)। विश्व रक्तदान दिवस के उपलक्ष्य में नेशनल हाईवे नंबर 48 पर स्थित एक निजी हॉस्पिटल में प्रथम सदर थाना अधिकारी जितेंद्र सिंह शेखावत के मुख्य आतिथ्य में बहरोड क्षेत्र में 24 घंटे अज्ञात लोगों की रक्तदान में मदद करने वाले पीजी कॉलेज बहरोड के रक्तदाता राकेश जयपाल ने रक्तदाता टीम की उपस्थिति में 64 वीं बार रक्तदान कर मिसाल कायम की।

कार्यक्रम के संयोजक योगेंद्र सिंह राघव रहे। वहीं मुख्य अतिथि के रूप में नए सदर थाना बहरोड के पुलिस अधिकारी जितेंद्र सिंह शेखावत मुख्य अतिथि रहे। कार्यक्रम के दौरान संयोजक राघव ने थीम गिव ब्लड एंड सेव लाइफ का उदाहरण पेश करते हुए बताया कि रक्तदान महादान है। सदर थाने के जितेंद्र सिंह शेखावत द्वारा 64वीं बार रक्तदान करने पर राकेश जयपाल को माला पहनाते प्रशस्ति पत्र से सम्मानित कर आमजन को रक्तदान महादान का संदेश देते हुए रक्तदान से बड़ा कोई दान नहीं होने की बात कही। इसी दौरान सभी रक्त वीरों का धन्यवाद दिया गया तथा बताया गया कि समाज सेवा में अनेक संस्थाएं लगातार काम कर रही हैं। जिसमें से रक्तदान एक सर्वश्रेष्ठ कार्य है। जिसके चलते कार्यक्रम संयोजक योगेंद्र सिंह द्वारा सभी रक्तदाताओं को प्रशस्ति पत्र मोमेंटो आदि एवं फलाहार भेंट करते हुए रक्त वीरों की सराहना की। वहीं पर्यावरण प्रेमी हरपाल सिंह यादव ने सभी रक्त वीरों की हौसला अफजाई की। इसी दौरान अजीत सिंह द्वारा 26 वीं बार रक्तदान किया गया तथा टीम के उदेश कुमार स्वामी, प्रवीण कुमार, प्रदीप कुमार, जयप्रकाश यादव, प्रदुमन, दीपक, मनीष जांगिड़, सचिन यादव, सीताराम सहित हॉस्पिटल आष्टा स्टाफ एवं अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे।



रक्तदाता राकेश जायसवाल का सम्मान किया।

# संस्था प्रधान और स्टाफ के जुनून ने विद्यालय की तस्वीर बदल दी




राज. उच्च प्राथमिक विद्यालय लुटाना मगनी के प्रधानाध्यापक और उनके स्टाफ साथियों ने ग्रामीणों के सहयोग से स्कूल की कायापलट की।

**सादुलपुर,** (निसं)। सरकारी विद्यालय का नाम आते ही जहन में टूटी-फूटी बिल्डिंग, छतों से टपकता पानी और बेहाल व्यवस्थाएं नजर आती है, लेकिन तहसील मुख्यालय से महज 10 किलोमीटर दूर राजगढ उपखंड के ग्रामीण क्षेत्र में एक सरकारी विद्यालय ऐसा है, जो इन दिनों चर्चा का विषय बना हुआ है। मन में कुछ करने का जज्बा और जुनून हो तो कुछ भी असंभव नहीं है। ऐसा ही कर दिखाया है राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय लुटाना मगनी के प्रधानाध्यापक पवन गोठवाल और उनके स्टाफ साथियों ने ग्रामीणों के सहयोग से दो वर्ष से कम समय में स्कूल की तस्वीर और तकदीर दोनों ही बदल दी है।

शिक्षण, संस्कार, पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में किए काम दूसरे स्कूलों के लिए नजीर बन चुका है। मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी बबलेश शर्मा ने बताया कि रा.उ.प्रा.वि. लुटाना मगनी में भवन जर्जर अवस्था में था, जिसकी वजह से नामांकन भी लगातार घट रहा था। ऐसे समय में बाडमेर से स्थानांतरित होकर अगस्त 2021 में प्रधानाध्यापक पवन गोठवाल ने विद्यालय में कार्यग्रहण किया। और इसके साथ ही विद्यालय के दिन बदलने लगे। प्रधानाध्यापक गोठवाल ने और विद्यालय के स्टाफ ने कायाकल्प का बीडा उठाया एवं स्टाफ साथियों व ग्राम पंचायत सरपंच, ग्रामीणों तथा गाँव के युवा साथियों के सहयोग से विद्यालय का कायाकल्प कर दिया। जहां विद्यालय भवन जर्जर अवस्था में था। वहीं अब दो कमरे जनसहयोग से एवं तीन कमरे ग्राम पंचायत गागडवास की तरफ से जीर्णोद्वार करके तैयार किए गए हैं। पीने के पानी के लिए वाटर कूलर, डिजिटल शिक्षा के लिए एलईडी, प्रोजेक्टर इसके साथ सम्पूर्ण विद्यालय का रंग रोगन, आकर्षक शिक्षा सहायक साम्रगी दीवारों पर लिखवाई है। शिक्षक चाह जाएं तो स्कूल का माहौल बदल सकता है। ऐसा ही कुछ प्रयास विद्यालय के स्टाफ साथियों और संस्था प्रधान ने और उसमें सहयोग दिया ग्रामीणों और गाँव के युवा सथियों सभी ने मिलकर स्कूल की तस्वीर ही बदल दी। स्कूल और शिक्षा व्यवस्थाओं सुधारने के जुनून के साथ इन्होनें सरकारी स्कूल का कायाकल्प ही कर दिया। डेढ साल में इस स्कूल की तस्वीर बदल कर नजीर पेश की है। यही वजह है कि स्कूल में नामांकन बढ रहा है।

**स्कूल की दशा सुधारने के लिए पहले भामाशाहों की मदद के साथ खुद एवं स्टाफ ने भी लगाए पैसेः-** पूरे स्कूल का रिनोवेशन किया गया। इस काम में भामाशाहों की मदद तो ली ही गई साथ ही विद्यालय का स्टाफ ओमप्रकाश, अशोक सहारण, किरण स्वामी, रंजना, उषा और संस्था प्रधान भी पीछे नहीं रहे। विद्यार्थियों में पर्यावरण संरक्षण का संदेश देने के लिए स्कूल में पौधे लगाए गए, जिससे स्कूल में हर तरफ हरियाली फैली हुई है। स्कूल भवन के रंग रोगन से सूरत बदलने के साथ ही दीवारों पर आकर्षक ढंग से बालिका शिक्षा, पर्यावरण, शिक्षा, स्वास्थ्य व स्वच्छता संबंधी संदेश अंकित किए गए।

- **स्कूल की दशा सुधारने के लिए पहले भामाशाहों की मदद के साथ खुद एवं स्टाफ ने भी लगाए पैसे**
- **राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय लुटाना मगनी इन दिनों चर्चा का विषय बना हुआ है**

बिजली जाने पर बच्चों की पढाई बाधित नहीं हो इसलिए डबल बैटरी इन्वर्टर की व्यवस्था भी की गई है। खास बात यह है कि स्कूल के बदलते स्वरूप को देखते हुए अभिभावक भी मदद के लिए आगे आने लगे है।

बबलेश शर्मा सीबीइओ राजगढ का कहना है कि प्रधानाध्यापक पवन गोठवाल की जितनी प्रशंसा की जाए उतनी ही कम है। इनका विद्यालय के प्रति समर्पण, त्याग, विद्यालय के प्रति लगाव, जोश,जज्बा तारीफ ए काबिल है। ग्रीष्मावकाश में भी लगातार आप विद्यालय में जाकर विद्यालय की सेवा कर रहे हैं ये प्रशंसनीय एंव अनुकरणीय है। अल्प समय के कार्यकाल में इन्होंने विद्यालय की कायापलट कर दी। आप ने साबित कर दिया यदि इच्छाशक्ति हो तो व्यक्ति बहुत कुछ कर सकता है। ये तन, मन, धन से विद्यालय की सेवा में लगे हुए हैं। इनकी इसी कार्यशैली से इनके फरवरी माह में जन्मदिन पर 252 यूनिट रक्तदान और अपने पूर्व पदस्थापन स्थान बाडमेर के लोगों पर अमिट छाप छोड़ी, जो आज भी इनको उतने ही स्नेह से याद कर रहे हैं। आपकी कार्यशैली को सैल्यूट करते हैं। सभी शिक्षकों, संस्था प्रधानों के लिए अनुकरणीय उदाहरण है। आपके जोश, जज्बे को सलाम।

पवन गोठवाल प्रधानाध्यापक राउप्रावि लुटाना मगनी का कहना है कि जिस स्थान पर हम काम करते हैं उसे यदि अपना मान कर काम किया जाए तो नामुमकिन कुछ भी नहीं है। जब मैंने इस स्कूल का कार्यभार संभाला तो मेरी स्वर्गीय पूजनीय माताजी के आशीर्वाद से मन में चाह थी कि जहां काम कर रहा हूं उस स्थान के लिए कुछ कर सकूं। इसी सोच के साथ प्रयास किया,आदरणीय सीबीइओ सर पीओ सर के मार्गदर्शन में स्टाफ एंव ग्रामीणों सरपंच साहब और युवा साथियों ने मदद की और परिणाम आपके सामने हैं।

ओमप्रकाश खरबास शिक्षक स्टाफ का कहना है कि संस्था प्रधान और समस्त स्टाफ ने मिलकर और समस्त ग्रामवासियों और सरपंच के सहयोग से विद्यालय को बेहतरीन बनाने की कार्ययोजना बनाई और आज हम सब का सपना साकार हुआ।

# उदयपुर में चक्रवाती तूफान बिपरजॉय को लेकर प्रशासन चुस्त

उदयपुर, (निसं)। अरब सागर से उठे चक्रवाती तूफान बिपरजॉय के प्रभाव से प्रदेशवासियों को बचाव की दृष्टि से पुलिस, प्रशासन और आपदा प्रबंधन विभागीय अधिकारियों को सतर्क करने के लिए प्रदेश की मुख्य सचिव उषा शर्मा द्वारा मंगलवार अपरान्ह विडियो कांफ्रेसिंग ली गई और महत्त्वपूर्ण निर्देश दिए।

सूचना एवं प्रौद्योगिकी विभाग के माध्यम से आयोजित इस वीसी में सभी संभागीय आयुक्त, पुलिस महानिरीक्षक, कलक्टर्स और एसपी सम्मिलित हुए। इस वीसी को संबोधित करते हुए मुख्य सचिव ने कहा कि राजस्थान आपदा स्थितियों में श्रेष्ठ प्रबंधन व क्विक रेस्पोंस के लिए जाना जाता है। इन स्थितियों में प्रशासनिक, पुलिस व आपदा प्रबंधन से संबंधित अधिकारियों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है।

उन्होंने कहा कि चक्रवाती तूफान बिपरजॉय के प्रभाव से आमजन को बचाने के लिए सतर्क होने और बचाव के तरीकों को जन-जन तक पहुंचाने की जरूरत है। इस दौरान आपदा प्रबंधन सहायता एवं नागरिक सुरक्षा विभाग के सचिव पूर्ण चन्द्र किशन ने भी तूफान से बचाव के लिए बरती जाने वाली सावधानियों के बारे में बताया।

इधर, उदयपुर संभाग मुख्यालय पर पुलिस महानिरीक्षक अजय पाल सिंह लांबा की मौजूदगी में आयोजित वीसी में जिला कलक्टर ताराचंद मीणा ने मुख्य सचिव उषा शर्मा को अवगत कराया कि तूफान से बचाव के लिए आपदा प्रबंधन विभाग के तत्वावधान में आवश्यक बैठकें कर ली गई है तथा कंट्रोल रूम स्थापित करते हुए ग्राम पंचायत स्तर तक सोशल मीडिया के माध्यम से सावधानी बरतने की अपील जारी की गई है।



उदयपुर में मुख्य सचिव की वीसी में उदयपुर आईजी अजयपाल सिंह लांबा, कलेक्टर ताराचंद मीणा व अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

इसी प्रकार सतर्कता बरतने से संबंधित स्थानों के चयन के साथ ही सेना और एनडीआरएफ के अधिकारियों से भी संपर्क बनाएं रखा है। उन्होंने बताया कि सर्वाधिक प्रभाव वाले क्षेत्र कोटड़ा, गोगुंदा व सायरा में प्रभाव वाले दिनों में महंगाई राहत कैंप स्थगित रखे जाएंगे। इस दौरान अतिरिक्त जिला कलक्टर ओपी बुनकर व प्रभा गौतम, एडीएसपी मंजीत सिंह, जिला रसद अधिकारी नरेश बुनकर, जल संसाधन विभाग के आरके टेपण, डीओआईटी की शीतल अग्रवाल, नियंत्रण कक्ष प्रभारी महामाया प्रसाद चौबीसा आदि मौजूद रहे।

जिला कलक्टर ताराचंद मीणा ने बताया कि मौसम विभाग के अनुसार अत्यंत भीषण चक्रवाती तूफान बिपरजॉय फिलहाल ईस्ट सेंट्रल अरब सागर की खाड़ी में बना हुआ है तथा धीरे-धीरे उत्तर दिशा की ओर आगे बढ़ रहा है। यह तूफान 15 जून को सौराष्ट्र-कच्छ व आसपास के पाकिस्तान तट के ऊपर वेरी सीवियर साइक्लोनिक स्टॉर्म के रूप में पहुंचने की प्रबल संभावना है। तत्पश्चात यह उत्तर-पूर्वी दिशा की ओर आगे बढ़ने तथा धीरे-धीरे कमजोर होने की संभावना है।

उन्होंने बताया कि 16 जून को इसके कमजोर होकर अवसाद/वेल मार्क्ड लो प्रेशन के रूप में दक्षिण-पश्चिमी राजस्थान में प्रवेश करने की संभावना है। इसके असर से आंधी बारिश की गतिविधियां 15 जून दोपहर बाद ही जोधपुर व उदयपुर संभाग के जिलों में प्रारंभ होने की संभावना है। दिनांक 16 जून को इसके असर से जोधपुर, उदयपुर संभाग के जिलों में कहीं-कहीं भारी बारिश होने की संभावना है।

इस दौरान दक्षिण-पश्चिमी राजस्थान में हवाओं की गति 45 से 55 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से 65 किलोमीटर प्रति घंटे तक दर्ज होने की संभावना है। उन्होंने यह भी बताया कि 17 जून को भी इस सिस्टम का असर जोधपुर, उदयपुर व अजमेर संभाग व आसपास के कुछ भागों में भारी बारिश के रूप में जारी रहने की संभावना है।

# फिजीकल सिस्टम पर एक दिवसीय एक्सपर्ट टॉक

उदयपुर, (निसं)। गीतांजली इन्स्टिटियूट ऑफ टेक्नीकल स्टडीज डबोक उदयपुर (गिट्स) उदयपुर के कम्प्यूटर साईंस इन्जिनियरिंग विभाग के तत्वाधान में "एनहेंसिंग ह्यूमनेस इन फ्यूचर जनरेशन साइबर फिजीकल सिस्टम"पर एक दिवसीय एक्सपर्ट टॉक का आयोजन किया गया।

इस एक्सपर्ट टॉक में टेक्सास यूनिवर्सिटी यू.एस.ए. की असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. हिना राठौड ने मुख्य वक्ता के तौर पर भाग लिया।

संस्थान के निदेशक डॉ. एन. एस. राठौड ने साईबर फिजीकल प्रणाली पर ध्यान आकर्षित करते हुए कहा कि भारत में यह तकनीक शुरूआति दौर में है जबकि विकसित देशों में यह तकनीक व्यवहारिक जीवन में बडे स्तर पर प्रयोग की जा रही हैं।

मनुष्य कहीं न कहीं मशीन की कार्यप्रणाली पर निर्भर होता जा रहा हैं। ऑफिस के साथ-साथ घरेलू कार्यो में मशीन का प्रयोग अपनाता जा रहा हैं। ऐसे में मुख्य समस्या यह हैं कि हम अपने आवश्यकतानुसार रोबोट तो बना लेंगे लेकिन उसमें भावनात्मकता, मानवता एवं आध्यात्मिकता कहां से लायेंगे। यह दूनिया की सबसे बडी चुनौती हैं। क्योंकि मानवता ही ऐसी चीज है जो हमें मशीनों से अलग करती हैं।

इन्हीं सब बातों पर प्रकाश डालने के लिए टेक्सास यूनिवर्सिटी यू.एस.ए. की असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. हिना राठौड ने मुख्य वक्ता के रूप में आंमत्रित किया। जहां पर मुख्य वक्ता डॉ. हिना राठौड ने बताया कि साईबर फिजीकल प्रणाली के मुख्य घटक साईबर नेटिक्स, मेकोट्रोनिक्स, डिजाइन एवं एम्बेडेड सिस्टम, आई.ओ.टी., बिग डेटा और आर्टिफिशियल इन्टेलीजेंस के साथ-साथ कम्प्यूटर आधारित एल्गोरिथम हैं। इन्हीं घटकों का प्रयोग करके मशीनों में भावनात्मकता, मानवता एवं आध्यात्मिकता डालने की कोशिश की जा रही हैं। जिसका उपयोग कृषि, जल, ऊर्जा परिवहन (ड्राइवर रहित कार), बुनियादी ढांचे के विकास, सुरक्षा एवं स्वास्थ्य आदि के क्षेत्र में नवाचार लाने के लिए किया जायेगा।

क्योंकि आने वाला युग मशीनों का युग हैं। साईबर फिजिकल सिस्टम आधुनिक सोसायटी का भविष्य हैं। धन्यवाद ज्ञापन डॉ. मंयक पटेल द्वारा किया गया, तथा संचालन छात्रा हितांशी द्वारा किया गया।

## सार-समाचार

### ग्रीष्मकालीन प्रशिक्षण का समापन

उदयपुर, (निसं)। उदयपुर, भारतीय लोक कला मण्डल द्वारा आयोजित एक माह के ग्रीष्मकालीन प्रशिक्षण शिविर का समापन समारोह आज होगा। भारतीय लोक कला मण्डल के निदेशक डॉ. लईक हुसैन ने बताया कि भारतीय लोक कला मण्डल द्वारा अपनी स्थापना से ही लोक कलाओं के प्रोत्साहन, प्रचार- प्रसार एवं प्रशिक्षण के उद्देश्य से वर्ष भर विभिन्न कार्यशालाओं का आयोजन होता रहता है और इसी क्रम 15 मई से एक माह के ग्रीष्मकालीन प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया । भारतीय लोक कला मण्डल के कलाकारों के द्वारा एक माह तक शहर के लगभग 50 प्रतिभागियों को लोक नृत्य, लोक गीत, लोक वादन, एवं दस्ताना पुतली निमार्ण एवं संचालन का प्रशिक्षण दिया गया है। प्रशिक्षण शिविर में प्रतिभागियों को आयु वर्ग के आधार पर अलग-अलग दल बनाकर उन्हें विभिन्न विधाओं में प्रशिक्षित किया गया। उन्होंने बताया कि एक माह तक चले शिविर का समापन समारोह 15 जून को सायं 4 बजे से भारतीय लोक कला मण्डल के गोविन्द कठपुतली प्रेक्षालय में आयोजित होगा जिसमें प्रतिभागी राजस्थानी लोक गीत, लोक नृत्य, लोक गायन एवं लोक वादन एवं दस्ताना पुतली की प्रस्तुतियाँ देंगे। समापन समारोह में आमजन का प्रवेश निःशुल्क रहेगा।

### सीएम को ज्ञापन सौंपा

उदयपुर, (निसं)। श्रीसरदार स्वरूप श्यामजी माजी मंदिर बचाओं संघर्ष समिति के प्रतिनिधी मंडल ने मुख्यमंत्री अशोक गहलोत को ज्ञापन सौंप मंदिर में प्रवेश शुल्क व प्रिवेंडिग बंद करने की मांग की। संघर्ष समिति के सह संयोजक रोहित चौबीसा एवं सदस्य एडवोकेट भारत कुमार ने उदयपुर प्रवास के दौरान सर्किट हाउस में आयोजित जनसुनवाई से पूर्व प्रभारी मंत्री रामलाल जाट को मंदिर विषय के संबंध में जानकारी दी।जनसुनवाई शुरू होने पर प्रभारी मंत्री ने मुख्यमंत्री को मंदिर समस्या से अवगत कराया कि एक मंदिर का टेंडर देवस्थान विभाग निरस्त कर रहा है तथा दूसरी ओर पास ही बने माजी का मंदिर में प्रवेश एवं प्रिवेडिंग शुल्क लगाने का टेंडर निकाल रखा है। इस पर मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने वहां मौजूद संभागीय आयुक्त एवं जिला कलक्टर से इस संबंध में जानकारी लेकर नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि सरकार एक तरफ मंदिरों के संरक्षण, संवर्धन के लिए 500 करोड़ देने के बावजूद मामले को लेकर वहां मौजूद अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।

### 19 वार्डों से 21 सदस्य निर्विरोध निर्वाचित

उदयपुर, (निसं)। राज्य सहकारी चुनाव प्राधिकरण जयपुर के आदेश से उदयपुर सहकारी भूमि विकास बैंक के प्रतिनिधि निकाय के सदस्य के निर्वाचन के 58 वार्डो के नाम निर्देशन पत्र की प्राप्ति, जांच और नाम वापसी के पश्चात स्थिति स्पष्ट हो गई है। भूमि विकास बैंक उदयपुर निर्वाचन अधिकारी अनिमेष पुरोहित ने बताया कि 6 वार्डो में कोई नाम निर्देशन पत्र प्राप्त नहीं होने से ये वार्ड रिक्त रहेंगे। पुरोहित ने बताया कि 19 वार्डो से 21 सदस्य निर्विरोध निर्वाचित हुए हैं। शेष 33 वार्डो के लिए वार्डवार चुनाव 20 जून को निर्वाचन संबंधित मतदान केन्द्रों पर 9 से 5 बजे होगा। मतगणना 21 जून को केन्द्रीय सहकारी बैंक प्रताप नगर प्रधान कार्यालय पर होगी।

### सामूहिक एकादशी उद्यापन

उदयपुर, (निसं)। मेवाड क्षत्रिय मित्र कल्याण समिति, उदयपुर की ओर से दो दिवसीय सामूहिक एकादशी उद्यापन का हिरणमगरी सेक्टर-4 में शुभारम्भ हुआ। मेवाड क्षत्रिय मित्र कल्याण समिति के अध्यक्ष रणजीतसिंह सोनगरा ने बताया कि उद्यापनकर्ता एवं समाजगण सायं 4 बजे चाणक्यपुरी सेक्टर-4 शिव मंदिर पर एकत्रित हुए। जहां से बैण्ड बाजे के साथ 251 महिलाओं की कलश यात्रा निकाली तथा यात्रा विद्या निकेतन स्कूल पहुँचने पर सभी का स्वागत किया गया।

### जिला प्रशासन ने आमजन को चेताया

उदयपुर, (निसं)। हाल ही में अरब सागर से उठे तूफान बिफरजॉय के राजस्थान में प्रवेश को देखते हुए उदयपुर जिला प्रशासन ने जिलेवासियों के नाम अपील जारी कर एहतियात बरतने के निर्देश दिए हैं। जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के सदस्य सचिव व अतिरिक्त जिला कलेक्टर ओपी बुनकर द्वारा जारी विडियो अपील में उदयपुरवासियों को सतर्क रहने व सावधानी बरतने का आव्हान किया है।

## सार-समाचार

### हमले में युवक घायल

उदयपुर, (निसं)। आपसी कहासूनी के दौरान चाकू से हमला कर व्यक्ति को घायल करने वाले के खिलाफ पुलिस ने प्रकरण दर्ज किया। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार 12 जून को लौहार कॉलोनी आयड़ में आयोजित समारोह के दौरान खानाखाते समय किसी बात को लेकर कहासूनी होने पर आयड़ लौहार कॉलोनी निवासी जियाउल पुत्र अब्दुल हमीद, हमीद, वईद व परिजनों ने मालदास स्ट्रीट घंटाघर निवासी फरहान अहमद पुत्र अब्दुल सलाम के साथ मारपीट कर दी तथा जियाउल ने चाकू से हमला कर दिया। हमले में गंभीर घायल होने पर उसे उपचार के लिए एमबी चिकित्सालय में भर्ती करवाया। इधर इस मामले में प्रकरण दर्ज होने पर जिला पुलिस अधीक्षक भूवन भूषण के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर मंजीतसिंह, पुलिस उप अधीक्षक शिप्रा राजावत के सुपरविजन में भुपालपुरा थानाधिकारी हनवंतसिंह सोढा के नेतृत्व में एएसआई हरिसिंह मय टीम ने आरोपी जियाउल को गिरफ्तार किया। जिससे पूछताछ की जा रही है।

### नकदी व सामान से भरा बैग लूटा

उदयपुर, (निसं)। उदयपुर अहमदाबाद हाइवे पर बाइक सवार दो बदमाश बाइक सवार फाईनेन्स कर्मी को रोक आखों में मिर्च डाल कर नकदी व सामान से भरा बैग लूट ले गए। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार पीडित सोहनसिंह पुत्र जोगेन्द्रसिंह निवासी गहलउ थाना उच्चेन भरतपुर हॉल भारत फाइनेन्स कंपनी सेक्टर 14 ने पुलिस थाने में प्रकरण दर्ज करवाया। कि 13 जून को मैं कंपनी के ग्राहकों से नकदी वसूल कर टीडी की नाल होते हुए शहर लौट रहा था। जहां बीच रास्ते पिछसे से आए दो बाइक सवार बदमाशों ने मुझे रोका तथा आखें में मिर्च डाल कर मेरी जब से दो से ढाई हजार रूपये तथा बैग छिन ले गए। जिसमें 1 लाख 65 हजार रूपये से अधिक की नकदी, दो टेबलेट लूट ले गए। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की।

### अवैध गांजा बरामद, आरोपी गिरफ्तार

उदयपुर, (निसं)। शहर के सविना थाना पुलिस ने तलाशी अभियान के दौरान अवैध गांजा जब्त कर आरोपी को गिरफ्तार कर मामल दर्ज किया। जिला पुलिस अधीक्षक भूवन भूषण के निर्देश पर चलाए जा रहे तलाशी अभियान के दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर मंजीतसिंह, पुलिस उप अधीक्षक शिप्रा राजावत के सुपरविजन में सविना थाना एसआई प्रशिक्षु दिनेश कुमार मय टीम ने मुखबीर से मिली सूचना के आधार पर सुरेश चन्द्र पुत्र मांगीलाल निवासी सरतला बडी सादडी चित्तोडगढ हॉल गोकुल विलेज सविना को गिरफ्तार कर इसके कब्जे से 1.935 किलोग्राम अवैध गांजा बरामद कर प्रकरण दर्ज किया। ऊक्त कार्यवाही में कांस्टैबी सुशील व विजय की महत्वपूर्ण भूमिका रही। आरोपी के खिलाफ पूर्व में भी प्रकरण दर्ज है।

### चोरी का आरोपी गिरफ्तार


उदयपुर, (निसं)। जावरमाइन्स थाना पुलिस ने माइन्स से सरिये चोरी करने वालो को गिरफ्तार किया। प्रकरण के अनुसार 14 मई 2023 को जगदीश प्रसाद पुत्र गणपतराम निवासी देवास जिला महेन्द्रगढ हरियाणा हॉल सिक्योरिटी मैनेजर कम्पनी जावरमाइन्स ने पुलिस थाने में रिपोर्ट दी कि 14 जून को माइन्स से प्रकाश पुत्र डालु सरियो को तोड कर बाइक पर रख कर चुरा ले गया। इस मामले में प्रकरण दर्ज होने पर जिला पुलिस अधीक्षक भुवन भूषण यादव के निर्देश पर चलाए जा रहे तलाशी अभियान के दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ.प्रियंका, पुलिस उप अधीक्षक राजेन्द्रसिंह जैन, के सुपरविजन में जावरमाइन्स थानाधिकारी रमेशचन्द्र खराड़ी मय टीम ने प्रकाश पुत्र डालु निवासी देवपुरा को गिरफ्तार किया। जिससे पूछताछ की जा रही है।

### ऑनलाईन लाखों की ठगी का मामला दर्ज

उदयपुर, (निसं)। फाईनेन्स ऋण एकमुश्त जमा कराने के बाद हनीट्रेप में फंसाने की धमकी देकर पीडित से लाखों की ठगी करने वाले के खिलाफ पुलिस ने प्रकरण दर्ज किया। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार पीडित अभिमन्यु पुत्र राजेन्द्र गौड निवासी धर्मराज मंदिर के पिछे भुवाणा निवासी ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ पुलिस थाने में प्रकरण दर्ज करवाया। कि फरवरी माह में के एफ एप्लीकेशन से 30 हजार रूपये का ऋण लिया। कुछ समय बाद ब्याज दर समझ में नहीं आने पर एकमुश्त ऋण जमा करवा दिया। इसके बावजूद आरोपी ऋण जमा नहीं होने का हवाला देकर नकदी वसूलते रहे।


16 वर्षों का अनुभव और लाखों लोगों के विश्वास के साथ
हम हैं हमेशा तैयार आपके स्वास्थ्य की सम्पूर्ण देखभाल के लिए।
NABH | GMCH GEETANJALI HOSPITAL | NABH

मस्तिष्क की संरचना जटिल है
इसलिए समझौता ना करें।
गीतांजली एडवांस्ड न्यूरोसाइंस सेंटर
के एक्सपर्टस की टीम पर भरोसा करें



न्यूरोलोजी | न्यूरोसर्जरी | स्पाइन सर्जरी | न्यूरोवास्कुलर इन्टरवेंशन रेडियोलोजी

दक्षिणी राजस्थान का अत्याधुनिक केन्द्र जहाँ है सिद्धहस्त न्यूरोसाइंस चिकित्सकों का विशाल दल

न्यूरोलॉजी विशेषज्ञ: डॉ. अनीस जुक्करवाला (मिर्गी सर्जरी विशेषज्ञ), डॉ. रेणु खमेसरा, डॉ. विनोद मेहता
न्यूरो सर्जन विशेषज्ञ: डॉ. उदय भौमिक, डॉ. गोविन्द मंगल
न्यूरो वैस्कुलर इन्टरवेंशनल रेडियोलोजिस्ट विशेषज्ञ: डॉ. सीताराम बारठ
न्यूरो एनेस्थेटिस्ट एवं इन्टेंसिविस्ट विशेषज्ञ: डॉ. नीलेश भटनागर, डॉ. आशीष पटियाल
आई.सी.यू. इन्टेंसिविस्ट विशेषज्ञ: डॉ. संजय पालीवाल, डॉ. शुभकरन शर्मा, डॉ. सैयद जावेद

गीतांजली न्यूरोसाइंस सेंटर में उपलब्ध मुख्य सुविधाऐं | न्यूरो नेविगेशन व न्यूरो एंडोस्कोपी | स्ट्रोक (लकवा) एक इमेंरजेन्सी है, गीतांजली हॉस्पिटल है 24X7 स्ट्रोक रेडी

हेड इन्जरी / स्पाइन इन्जरी सर्जरी | 31 सफल मिर्गी सर्जरी | ब्रेन व स्पाइन ट्यूमर सर्जरी | एवीएम सर्जरी व एम्बोलोइजेशन
ट्रायजेमिनियल न्यूरो सर्जरी | स्पाइन फिक्सेशन सर्जरी | स्ट्रोक (लकवा) थ्रोम्बोलिसिस व थ्रोम्बेक्टोमी | पार्किंसंस
एन्यूरिज्म सर्जरी व कोइलिंग | मस्तिष्क की धमनी (केरोटिड) स्टेंटिंग | स्टीरियोटैक्टिक रेडियोसर्जरी | बच्चों में न्यूरो संबंधी विकार
स्लिप डिस्क सर्जरी | दिमाग में पानी भर जाना (हाइड्रोसिफलिस) | दिमाग व स्पाइनल कॉर्ड का ठीक से ना बनना (सपाइना बिफिड़ा) | वर्टिगो क्लिनिक
स्लीप स्टडी | ई.ई.जी./इ.एम.जी./एन.सी.वी.

ADVANCED TECHNOLOGY FOR PRECISION IN TREATMENT BY EXPERTS
3 Tesla MRI Air Coil Technology | 1.5 Tesla MRI Magnetom Avanto | CT Scan Machine GE Revolution Frontier 256-Slice System | 4D CT Scan GE Optima 16- Slice System | PET-CT SCAN Discovery IQ Gen 2, 3 Rings

24x7x365 सुविधाएं
समर्पित न्यूरो कैथ लेब (Dedicated Neuro Cath Lab) | न्यूरोलोजी एवं न्यूरो सर्जरी आई सी यू (Neurology & Neurosurgery ICU) | 19 ऑपरेशन थिएटर (19 Operation Theatres) | ब्लड सेंटर (Blood Center)

मुख्यमंत्री चिरंजीवी स्वास्थ्य बीमा योजना | राजस्थान गवर्नमेंट हैल्थ स्कीम (RGHS)
• भूतपूर्व सैनिक अंशदायी स्वास्थ्य योजना (ECHS) • कर्मचारी राज्य बीमा निगम (ESIC) • उत्तर पश्चिमी रेलवे (NWR) • हिंदुस्तान जिंक लिमिटेड (HZL) • स्टेट बैंक ऑफ इण्डिया (SBI) • भारत संचार निगम लिमिटेड (BSNL) • भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण (AAI) • राजस्थान राज्य खान एवं खनिज लिमिटेड (RSMM) • भारतीय खाद्य निगम (FCI) • सभी महत्वपूर्ण टी.पी.ए. (TPA) व इन्श्योरेन्स से अधिकृत ।

गीतांजली मेडिकल कॉलेज एण्ड हॉस्पिटल | नेशनल हाईवे-8 बायपास, एकलिंगपुरा चौराहा के पास, उदयपुर (राज.) | +91 294 250 0044

# 20 लाख रुपये की अवैध शराब से भरा कंटेनर पकड़ा, दो गिरफ्तार

## मंडार के समीप गुंदरी चेक पोस्ट पर पाथावाडा पुलिस ने नाकाबंदी के दौरान की कार्रवाई



मंडार के निकट गुजरात बॉर्डर पर अवैध शराब सहित दो आरोपियो को गिरफ्तार किया।

**मंडार, (निसं)।** सिरोही जिले के मंडार बॉर्डर के समीप बुधवार को पाथावाड़ा पुलिस ने अवैध शराब की खेप पकड़ी। मंडार के समीप गुंदरी चेक पोस्ट पर पाथावाडा पुलिस ने नाकाबंदी के दौरान एक अवैध शराब से भरा कंटेनर पकड़ने में सफलता प्राप्त की।

पाथावाडा पीएसआई डीआर पारगी ने बताया कि बनासकांठा जिला पुलिस अधीक्षक अक्षयराज मकवाना के निर्देशानुसार अवैध शराब की रोकथाम के तहत गुंदरी चेकपोस्ट पर नाकाबंदी के दौरान

- **कंटेनर के अंदर अवैध शराब से भरी 600 कार्टन हरियाणा निर्मित शराब जब्त की**

मुखबिर से सूचना मिली थी कि एक अवैध शराब से भरा कंटेनर यहां से गुजरने वाला है। जिस पर नाकाबंदी कर उक्त कंटेनर को रुकवाकर चैक किया गया तो कंटेनर के अंदर अवैध शराब से भरी की कुल 600 कार्टन हरियाणा निर्मित शराब जब्त की गई। जिसकी बाजार कीमत करीब 20 लाख रुपए आंकी गई एवं वाहन की कीमत 15 लाख रुपए कुल मिलाकर 35 लाख रुपए का माल बरामद किया जाकर आरोपी शराब अनिल कुमार पुत्र सुजाना राम बिश्नोई निवासी वाडा भाडवी तहसील बागोडा जिला जालोर व रमेश कुमार पुत्र रत्नाराम बिश्नोई निवासी कुंका तहसील बागोडा जिला जालोर राजस्थान को गिरफ्तार किया। गुजरात पुलिस ने 1 महीने के अंदर यह छठी बड़ी कार्रवाई की है।

गौरतलब है कि मंडार पुलिस की लगातार नाकेबंदी के दौरान ही शराब के कंटेनर गुजरात पुलिस के हाथ लग रहे हैं। मंडार थाना क्षेत्र से मात्र 2 किलोमीटर दूरी पर जाकर गुजरात पुलिस के हत्थे शराब की खेप लगना और मंडार पुलिस की नाकेबंदी पर भी सवालिया निशान खड़े कर रही है। गुजरात पुलिस की इस कार्रवाई में पाथावाडा थानाधिकारी डी आर पारगी, हैड कांस्टेबल प्रकाश कुमार अमृतलाल, खेगार भाई, जबराभाई, विक्रम सिंह, तेजस भाई शामिल रहे।

## अवैध शराब से भरी पीकअप जब्त, दो गिरफ्तार

**उदयपुर, (निसं)।** खेरवाड़ा थाना पुलिस ने नाकाबंदी के दौरान अवैध शराब से भरा पीकअप वाहन जब्त कर दो आरोपियों को गिरफ्तार किया।

जिला पुलिस अधीक्षक भूवन भूषण यादव के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. प्रियंका, पुलिस उप अधीक्षक हेरम्ब जोशी के सुपरविजन में चलाए जा रहे तलाशी अभियान के दौरान खेरवाड़ा थानाधिकारी सबीर खान के नेतृत्व में गठित दल ने मुखबीर से मिली सूचना के आधार पर मंगलवार रात में हाइवे पर भाग्योदय होटल के सामने नाकाबंदी शुरू की। इस दौरान पीकप वाहन को इशारा किया तो चालक गाडी को भगा ले गया। इस पर पिछा कर रोक कर चालक से पूछा तो उसने अपना नाम मुबारिक खान पुत्र ताज मोहम्मद पठान निवासी धोली मगरी व पास बैठे व्यक्ति ने अपना नाम विकास कुमार पुत्र हेमराज निवासी रोबिया खेरवाड़ा हॉल हरिदासजी की मगरी अम्बामाता बताया। तलाशी ली तो पीकअप में ल कडी के पट्टों में अंग्रेजी शराब से 81 कर्टन पाए गए। जिनकी बाजार कीमत करीब 5 लाख रूपये बताई जाती है। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की।

# जमीन पर पोल गाड़ने को लेकर हुआ खूनी संघर्ष, 16 घायल

## प्राथमिक उपचार के बाद एक घायल को टोंक से जयपुर रेफर किया



घायलों का अस्पताल में उपचार किया गया।

**टोंक, (निसं)।** पीपलू थाना क्षेत्र के रानोली गांव में जमीन पर पोल गाड़ने को लेकर हुये खूनी संघर्ष में 16 लोग घायल हा गये जिसमें कई महिलाएं और पुरुष शामिल है।

थानाधिकारी प्रहलाद सहाय ने बताया कि रानोली में जमीन को लेकर कोई विवाद चल रहा था। इसके चलते दोनों पक्षों में झगड़ा हो गया। झगड़े में एक पक्ष के देवलाल (39) पुत्र रणजीता, शिवराज (22) पुत्र ब्रदीलाल, मीरा (50) पत्नी धन्नालाल, तुलसा (35) पत्नी बाबूलाल, अनोख देवी (38) पत्नी देवालाल, शंकर (45) पुत्र छीतर, श्योजी (45) पुत्र घासीराम, नेमीचंद (27) पुत्र धन्नालाल, हीरालाल (40) पुत्र छीतरलाल घायल हुए हैं। वहीं दूसरे पक्ष के राजाराम (22) पुत्र जगदीश, रामेश्वर (30) पुत्र छोटूराम, गिरीराज (30) पुत्र देवालाल, अजय (21) पुत्र छोटूराम, जगदीश (50) पुत्र हजारी, वहीं रूकमा देवी (53) पुत्री हजारीलाल, बरदी (53) देवी पत्नी भौजाराम को टोंक सहादत हॉस्पिटल रेफर किया गया है। जहां प्राथमिक उपचार के बाद बरदी देवी को टोंक से जयपुर रेफर किया गया। बाकी घायलों का हॉस्पिटल में उपचार जारी था। पुलिस द्वारा मामले को गंभीरता से लेते हुए कार्य अनुंधान जारी है। मौके पर वृताधिकारी इंदू लोदी सहित थाना अधिकारी ने मय जाप्ते के पहुंचकर स्थिति को संभाला।

# पूर्व डिप्टी सी.एम. सचिन पायलट का पाटन में स्वागत



पाटन में कार्यकर्ताओं को पूर्व उप मुख्यमंत्री सचिन पायलट ने संबोधित किया।

**पाटन, (निसं)।** उदयपुरवाटी में स्थित मनसा माता की पहाड़ी में टेक्ट्रर-ट्रोली पलटने से गंभीर हादसा हो गया था जिसमें आधा दर्जन से अधिक लोगों की मौत हो गई थी।

उन सभी मृतकों के परिजनों को ढांढस बंधाने जाते हुए पूर्व उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट नीमकाथाना रोड पर स्थित तहसील कार्यालय के पास बने नवनिर्मित अंबेडकर छात्रावास में कार्यकर्ताओं से मिले और उनकी समस्याएं सुनी। इस दौरान नीमकाथाना विधायक सुरेश मोदी के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं द्वारा पायलट का भव्य स्वागत किया गया।

पायलट ने कहा कि मैं इस वक्त आपकी ही तरह एक साधारण व्यक्ति हूं, किन्तु आपकी समस्याओं का समाधान करवाना मेरी जिम्मेदारी है। पायलट ने कहा कि नीमकाथाना विधायक सुरेश मोदी द्वारा नीमकाथाना में जो विकासिय कार्य करवाए गए हैं वो सभी कार्य आप लोगों के सामने है, आज से पहले कभी इतने कार्य नहीं हुए हैं। हम सभी की जिम्मेदारी बनती है कि सुरेश मोदी को एक बार फिर काम करने का मौका मिले। इसी साल चुनाव होने हैं आप सभी आज से ही इनके पक्ष में बात चीत करना शुरू कर दें, जिससे नीमकाथाना में फिर से कांग्रेस का विधायक आपका प्रतिनिधित्व कर सके।

आज मैं एक बैठक में उपस्थित होने जा रहा हूं इसलिए आज मैं कोई राजनीतिक बात नहीं करना चाहता। इस मौके पर पाटन ब्लाक अध्यक्ष माला राम वर्मा, पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष कांता प्रसाद शर्मा, राधेश्याम शर्मा माउंडा, दिलीप गोयल, दलपतपुरा सरपंच बलराम गुर्जर, रामसिंहपुरा सरपंच राम सिंह जागीदार, राजू खां, अलीम खां, सरपंच हवासिंह मेहरडा, सरपंच सागरमल यादव, सरपंच अनिल कुमार शर्मा, सरपंच बलवीर खेरवा, नरेश टेलर, वीरेंद्र स्वामी सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## रेलवे स्टेशनों का निरीक्षण किया

**जोधपुर, (कासं)।** यात्री सुविधा समिति उत्तर पश्चिम रेलवे, जोधपुर मंडल पर दो दिवसीय दौरे पर बुधवार को जोधपुर पहुंची। कैलाश लक्ष्मण वर्मा, श्रीमती विभाशवानी अवस्थी, अभिदास की सदस्य टीम ने जोधपुर मण्डल के ओसियां, रामदेवरा व पोकरण स्टेशनों का निरीक्षण कर यात्री सुविधाओं की जानकारी प्राप्त की। निरीक्षण के दौरान समिति ने ओसियां, रामदेवरा व पोकरण रेलवे स्टेशन पर सफाई व्यवस्था के साथ-साथ खानपान इकाईयों, वेटिंग रूम, बुकिंग सुविधा, पेयजल की उपलब्धता व गुणवत्ता, शौचालय की सुविधा इत्यादि का निरीक्षण किया। उनके द्वारा स्टेशन पर प्रस्तावित विकास कार्यों आदि के बारे में भी रेल अधिकारियों से जानकारी ली गई तथा इस संबंध में उनसे चर्चा भी की गई। समिति के सदस्यों द्वारा स्टेशनों पर यात्रियों से चर्चा करके उपलब्ध यात्री सुविधायों का फीडबैक भी लिया गया जिसमे यात्रियों द्वारा संतोष व्यक्त किया गया। निरीक्षण के दौरान अपर मंडल रेल प्रबंधक (ऑ.) मनोज जैन, वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक विकास खेड़ा, मंडल बिजली इंजीनियर (सामान्य) जे के भार्गव, सहित रेलवे के अन्य अधिकारीगण व कर्मचारी उपस्थित रहे।

## "बिपरजॉय" से अलर्ट रहने की नसीहत

**जैसलमेर, (नि.सं.)।** बिपरजॉय तूफान की आज 15 जून को राजस्थान में एंट्री होगी। जैसलमेर में तूफान की दस्तक को देखते हुए जिला प्रशासन ने तैयारियां कर दी है। कलेक्टर टीना डाबी की अध्यक्षता में हुई बैठक में अधिकारियों को अलर्ट मोड पर रहने के निर्देश दिए गए हैं। सिविल डिफेंस, आपदा प्रबंधन अपनी तैयारियों में जुट गया है।

# भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी का स्वागत किया



भाजपा नेता इंजी. ढूकिया के आवास पर प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी का स्वागत किया।

**झुंझुनूं, (निसं)।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी, प्रदेश उपाध्यक्ष मुकेश दाधीच, प्रदेश मंत्री श्रवण सिंह बगड़ी, प्रदेश मंत्री लक्ष्मीकांत भारद्वाज, प्रदेश मंत्री मधु कुमावत, प्रदेश युवा मोर्चा अध्यक्ष हिमांशु शर्मा, प्रदेश अध्यक्ष अनुसूचित जनजाति मोर्चा जितेंद्र मीणा, प्रदेश मीडिया सह प्रभारी अशोक सिंह शेखावत, प्रदेश उपाध्यक्ष किसान मोर्चा डॉ. सुमन कुलहरि गढ़वाल, जिलाध्यक्ष पवन मावंडिया, सांसद नरेंद्र कुमार खीचड़, जिला संगठन प्रभारी केडी बाबर, विधायक सुभाष पूनियां, जिला मंत्री मंजू सैनी का न्यू राजस्थान पब्लिक शिक्षण संस्थान झुंझुनूं में भाजपा जिला उपाध्यक्ष प्यारेलाल ढूकिया के आवास पर अतिथियों को दूपट्टा, प्रतीक चिह्न एवं गुलदस्ता भेंट कर भव्य स्वागत किया गया।

इस अवसर पर राष्ट्रीय परिषद सदस्य विश्वंभर पूनियां, पूर्व विधायक झाबर सिंह खर्रा, पूर्व विधायक शुभकरण चौधरी, राजेंद्र भांबू, महेंद्र चंदवा, कमलकांत शर्मा, डॉ. राजेश बाबल, संजय जांगिड़, रवि सैनी, मंडल अध्यक्ष मोहनलाल सैनी, देशराज राहड़, सुधीर चौमाल, विकास ईशरवाल, कुलदीप पूनियां, अशोक सिंह बड़ागांव, विजेंद्र सिंह इंद्रपुरा, प्रमोद जानूं, वीरपाल सिंह शेखावत, लालचंद ढूकिया, रणजीत ढूकिया, नागरमल तेतरवाल, महावीर सिंह मील, सुधीर जांगिड़, संदीप शर्मा, भवानी सिंह शेखावत, रामचंद्र तेतरवाल, बीरबलसिंह सिलाईच, रतनसिंह शेखावत, रोहिताश सिंह कालेर, ताराचंद जाखड़, रामावतार लोयल, बाबूलाल सैनी, राजेश पूनियां, संजय परिहार, नरेंद्र टेलर, हिमांशु जांगिड़, सुमेर सिंह शेखावत, संजय चौपदार, प्रमोद बूडानिया, अनिल मील एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# ट्रक-डंपर में भिड़ंत, एक मजदूर की मौत, 17 घायल

- **ट्रक में सवार सभी श्रमिक उत्तरप्रदेश के रहने वाले थे**
- **ट्रक में फंसे 40 से मजदूरों को निकाला**

**बीकानेर, (निसं)।** श्रीडूंगरगढ़ में ट्रक और डंपर के बीच जोरदार भिडंत में एक मजदूर की मौत हो गई जबकि नौ गंभीर घायल हो गए। सभी घायलों को बीकानेर के पीबीएम अस्पताल के ट्रोमा सेंटर पहुंचाया गया है। घायलों में कुछ की हालत गंभीर बनी हुई है।

घायलों में मजदूरों के बच्चे भी शामिल हैं। घायलों में रविंदर, सूरजपाल, रामश्री, अनीता, देहपाल, कांति, ओमवती, पूनम, मनीष, प्रिंस कुमार, गायत्री, हरिशंकर सिनम भर्ती है। श्रीडूंगरगढ़ में बीकानेर-जयपुर नेशनल हाइवे पर कितासर के पास ये हादसा हुआ। यहां टैगोर स्कूल के सामने रात 2.30 बजे ट्रक और डंपर में टक्कर हुई। ट्रक में बड़ी संख्या में मजदूर थे जो एक से दूसरी जगह काम के लिए जा रहे थे। दुर्घटना में एक श्रमिक की मौत हो गयी व 9 गंभीर घायल हो गए। घायलों को बीकानेर रेफर कर दिया गया। शेष चोटिल का इलाज श्रीडूंगरगढ़ में मेडिकल टीम ने किया।

ट्रक में सवार सभी श्रमिक उत्तरप्रदेश के रहने वाले थे। मृतक व घायलों में सभी ट्रक सवार भी यूपी निवासी है। ये ट्रक खाजूवाला से यूपी की ओर जा रहा था जिसमें 40 से अधिक मजदूर सवार थे।

इस ट्रक ने अपने आगे चल रहे बड़े डंपर ट्रक को पीछे से टक्कर मारी। टक्कर इतनी तेज था कि ट्रक में फंसे करीब 40 से मजदूरों को निकाल कर अस्पताल पहुंचाने में सेवादारों को डेढ़ से दो घंटे लगे। गरीब सेवा संस्थान व आपणो गांव सेवा समिति व हाइवे टोल एम्बूलेंस मौके पर पहुंची व सभी सेवादारों ने घायलों को निकाल कर राजकीय अस्पताल पहुंचाया। ड्यूटी ऑफिसर हेड कांस्टेबल बलबीर सिंह मौके पर पहुंचे व यातायात सुचारू करवाया। सिंह ने बताया कि ट्रक के केबिन में बैठे तीन मजदूरों में एक की मौत हो गई है। केबिन में ही बैठे दो अन्य भी गंभीर घायल है।

## नौकरी दिलाने के नाम पर 8.80 लाख की ठगी

**श्रीगंगानगर, (निसं)।** नौकरी दिलाने के नाम पर आठ लाख अस्सी हजार रुपए की धोखाधड़ी का मामला सामने आया है। पीड़ित लालगढ़ जाटान इलाके के गांव ओढांवाली ढाणी का रहने वाला है। आरोपी गांव खाटसजवार का निवासी है। आरोपी ने पिछले साल अगस्त में पीड़ित को सेना में नौकरी दिलाने का झांसा दिया और इसकी एवज में रुपए की मांग की। इस पर पीड़ित उसकी बातों में आ गया और आरोपी के खाते में कई किस्तों में आठ लाख अस्सी हजार रुपए ट्रांसफर कर दिए। रुपए जमा करवाने के करीब दस माह का समय बीत जाने पर भी जब पीड़ित को नौकरी नहीं मिली तो उसने आरोपी के खिलाफ साइबर थाने में मामला दर्ज करवाया।

साइबर थाने से मिली जानकारी अनुसार ओढ़ांवाली ढाणी के साहबजिंद्र पुत्र जगतार सिंह ने बताया कि पिछले साल अगस्त में वह खाटसजवार निवासी मनोहरलाल पुत्र कृष्णलाल के संपर्क में आया। मनोहरलाल ने उसे बताया कि वह सेना में अफसर है। पास के गांव का रहने वाला होने के कारण साहबजिंद्र को उसकी बातों पर विश्वास हो गया।

# जोधपुर के न्यायालय परिसर को अतिक्रमण मुक्त करवाने की मांग

## अधिवक्ताओं ने कलेक्टर कार्यालय के बाहर किया आक्रोशित प्रदर्शन, एडीएम को सौंपा ज्ञापन

**जोधपुर, (कासं)।** जोधपुर में स्थित न्यायिक परिसर में वकीलों को न्यायिक कार्य के लिए स्थान उपलब्ध नहीं हो पाने से नव-पंजिकृत अधिवक्ताओं को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

दूसरी तरफ पूरा कचहरी परिसर गैर-न्यायिक कार्य करने वालों द्वारा किए गए अवैध कब्जों की जद में हैं। हेरिटेज परिसर को मुक्त करवाने की मांग को लेकर ऑल इंडिया लॉयर्स यूनियन के आव्हान पर अधिवक्ताओं की एक बैठक हुई, जिसमें अधिवक्ताओं ने न्यायालय परिसर को अतिक्रमण मुक्त करवाने के लिए आंदोलन तेज करने पर सहमति दी। बैठक में एडवोकेट शिवलाल बरवड़ ने कहा कि न्यायालय परिसर में गैर न्यायिक गतिविधियाँ करने वाले अनाधिकृत लोगों के क़ब्ज़े हटाकर नौजवान अधिवक्ताओं के लिए बैठने की

- **नव-पंजिकृत अधिवक्ताओं को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है**

उचित व्यवस्था की जानी चाहिए। बैठक के बाद आक्रोशित अधिवक्ताओं ने कलेक्टर कार्यालय पर प्रदर्शन कर अतिरिक्त ज़िला कलेक्टर को फिर ज्ञापन सौंपा। एडवोकेट अंकुश राठौड़ ने बताया कि न्यायालय परिसर में गैर न्यायिक गतिविधियां करने वाले लोगों द्वारा जगह-जगह अतिक्रमण किया हुआ है। जबकि नौजवान अधिवक्ताओं के पास न्यायिक कार्य करने के लिए बैठने की जगह नहीं है। जिला सतर्कता समिति के पास अतिक्रमण हटाने की मांग को लेकर परिवाद किया गया था लेकिन ज़िला प्रशासन द्वारा उचित कार्रवाई नहीं करने से अधिवक्ता समुदाय में रोष हैं।

विरोध-प्रदर्शन के बाद सभी अधिवक्ता राजस्थान हाईकोर्ट एडवोकेट्स एसोसिएशन के कार्यालय पहुंचे और एसोसिएशन के महासचिव गिरधारी सिंह भाटी और उपाध्यक्ष गोगुलेश बोहरा को भी इस मुद्दे पर गंभीरता से कदम उठाने की मांग की।

प्रदर्शन में एडवोकेट पी.आर. मेघवाल, एडवोकेट मोहनलाल जाखड़, एडवोकेट लक्ष्मी नारायण माथुर "मित्र", एडवोकेट लालचंद पंवार, एडवोकेट गौतम गोदारा, एडवोकेट गणपत इंदलिया, एडवोकेट निर्मल कुमार, एडवोकेट अजयराज प्रजापत, एडवोकेट डी.आर. मेहरा, एडवोकेट तरूणा राठौड़, एडवोकेट हिमानी पंवार, एडवोकेट चांद कंवर भाटी, एडवोकेट नरेश सोलंकी, एडवोकेट देवेंद्र कुमार, आशा मीणा, एडवोकेट राहुल सोलंकी, एडवोकेट किशन मेघवाल, एडवोकेट प्रदीप जैन, एडवोकेट कविता चौहान, एडवोकेट महबूब खान, एडवोकेट कीर्ति सोनी, एडवोकेट जसवंत सागर, एडवोकेट देवेन्द्र सरगरा, एडवोकेट तरुणा राठौड़, एडवोकेट मनीष मेघवाल, एडवोकेट राकेश लाखोटिया, एडवोकेट रूद्रप्रकाश मेघवाल, एडवोकेट कैलाश सरगरा, एडवोकेट भूपेन्द्र सिंह, एडवोकेट सुरजीत, एडवोकेट तुषार मोज़ा, एडवोकेट जसवंत सागर, एडवोकेट जितेंद्र सिंह, एडवोकेट महिपाल सिंह चारण समेत अनेक अधिवक्ता शामिल रहे।

## दो बाइकों की टक्कर में चार घायल

**बीकानेर, (निसं)।** खाजूवाला में देर रात्रि राजीव सर्किल चौराहा के नजदीक रावला रोड पर गायत्री मंदिर के सामने दो मोटरसाइकिलों की आमने-सामने भिड़ंत हो गई। जिसमें कुल 4 जने गंभीर रूप से घायल हो गए। प्रत्यदर्शियों के अनुसार खाजूवाला में दोनों मोटरसाइकिल की टक्कर इतनी तेज थी कि बाइक्स पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई और चारों युवक के गंभीर चोटें आई। सूचना मिलने के बाद खाजूवाला पुलिस थाने से एएसआई ग्यारसीलाल मीणा व हैड कांस्टेबल भँवरू खान मौके पर पहुंचे। इसके बाद घायलों को खाजूवाला सीएचसी पहुंचाया गया, जहां से 4 युवकों को गंभीर हालत में पीबीएम हॉस्पिटल बीकानेर रैफर कर दिया।

एएसआई ग्यारसीलाल मीणा ने बताया कि बाईक सवार यूनुस खान पुत्र हुसैन खान उम्र 40 वर्ष निवासी 7 केएलडी कुंडल पीएस खाजूवाला, करन पुत्र अनुपाराम लुहार उम्र 18 वर्ष, शमीम पुत्र मोहम्मद मुश्ताक उम्र 19 वर्ष व सूर्यप्रकाश पुत्र सहीराम लुहार तीनों निवासी वार्ड नंबर 18 खाजूवाला गंभीर रूप से घायल हो गए। खाजूवाला पुलिस ने दोनों क्षतिग्रस्त मोटरसाइकिल को थाना परिसर में खड़ा करवाया हैं।

# सियासी आरोपों के बीच ई.डी. ऑफिस जयपुर के भवन की रजिस्ट्रेशन फीस माफ

## मुख्यमंत्री गहलोत के अधीनस्थ वित्त विभाग ने मंजूर किया ई.डी. का प्रस्ताव

-कार्यालय संवाददाता-

**जयपुर** । राजस्थान सरकार ने एन्फोर्समेंट डायरेक्ट्रेट (ई.डी.) के जयपुर ऑफिस भवन की रजिस्ट्रेशन फीस माफ कर दी है। वैसे तो राजस्थान में ई.डी. की छापेमारी के बाद मुख्यमंत्री गहलोत और उनके समर्थक कांग्रेस नेता इन दिनों लगातार ई.डी. की कार्यशैली पर सवाल उठा रहे हैं। इसी घटनाक्रम के बीच 13 जून को मुख्यमंत्री गहलोत की सरकार के वित्त विभाग ने ई.डी. के रीजनल ऑफिस भवन की लीज डीड पर रजिस्ट्रेशन फीस माफ करने की अधिसूचना जारी की है। बताया जा रहा है कि जयपुर के झालाना इंस्टीट्यूशनल एरिया में ई.डी. के जोनल ऑफिस का भवन बना है। इस भवन की लीज डीड पर अब जयपुर विकास प्राधिकरण (जे.डी.ए.) को कोई रजिस्ट्रेशन फीस नहीं देनी होगी।

**■ देखा जाए तो राजस्थान में पेपरलीक मामले में हुई ई.डी. की छापेमारी के बाद एक तरफ गहलोत लगातार ई.डी. और केन्द्र सरकार की कार्यशैली पर सवाल उठा रहे हैं, दूसरी तरफ राजस्थान सरकार द्वारा ई.डी. को राहत देना चर्चा का विषय बन गया है।**

सूत्रों की मानें तो ई.डी. ने वित्त विभाग को जोनल ऑफिस के भवन पर रजिस्ट्रेशन फीस माफ करने का प्रस्ताव भेजा था, जिसे वित्त विभाग ने मंजूर करते हुए अब रजिस्ट्रेशन फीस माफ करने की अधिसूचना जारी की है। राजनैतिक गलियारों में चर्चाएं है कि ई.डी. के जोनल ऑफिस भवन की रजिस्ट्रेशन फीस ऐसे वक्त पर माफ की गई है, जब प्रदेश में पेपरलीक मामलों को लेकर ई.डी. के छापों पर सियासी आरोप-प्रत्यारोप जारी है। इसलिए इस फैसले की चर्चा हो रही है। चूंकि वित्त विभाग मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के पास है, ऐसे में यह माना जा रहा है कि इस फैसले में मुख्यमंत्री की हामी शामिल है। बताया जा रहा है कि वित्त विभाग का यह फैसला वैसे तो सामान्य फैसला है। आमतौर पर केन्द्र और राज्य के दफ्तरों के लिए राज्य सरकार, सस्ती दरों पर जमीन आवंटित करती है और कई तरह की फीस भी माफ करती रही है। केंद्र और राज्य के विभाग सरकार को छूट का प्रस्ताव भेजते हैं, जिस पर वित्त विभाग मंजूरी देता है। ईडी ऑफिस भवन की रजिस्ट्रेशन फीस माफ भी इसी में माना जा रहा है, लेकिन जिस वक्त पर यह फैसला हुआ है, वह सियासी घटनाक्रम के बीच है, इस कारण इसकी चर्चाएं होना स्वाभाविक है।

इधर, सूत्रों के अनुसार रीट मामले में ईडी माध्यमिक शिक्षा बोर्ड के तत्कालीन अध्यक्ष डीपी जारौली को पूछताछ के लिए नोटिस देने की तैयारी कर रही है। हाल ही में मामले को लेकर राजीव गांधी स्टडी सर्किल के स्टेट कॉर्डिनेटर बनय सिंह से पूछताछ के बाद अब ईडी जारौली को भी नोटिस देने की तैयारी में है। सूत्रों के अनुसार ईडी को बनय सिंह से पूछताछ में कई जानकारी मिली थी। इसी को आधार बनाकर अब जारौली पर कार्रवाई हो सकती है।

# कांग्रेस के पास ना नीति और ना ही नेता, ये सरकार रिपीट नहीं, डिलीट है : सी. पी. जोशी

**सीकर/जयपुर।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी ने भाजपा कार्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता में कहा कि गहलोत और सरकार दोनों ही मुगलिया प्रेमी है। जब सिलेबस से मुगल आक्रांताओं के पाठ हटा दिए जाते हैं तो मुख्यमंत्री को तकलीफ होती है। जब एनसीईआरटी ने सिलेबस से मुगल आक्रांताओ का पाठ हटा दिया और हमारे गौरवशाली योद्धाओं के पाठ को जोड़ दिया तो इसी सरकार ने डेढ़ करोड़ किताबों को कबाड़ में डाल दिया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा सरकार 9 वर्षों के शासन में समाज के प्रत्येक वर्ग का ध्यान रखते हुए विकास के कार्य किये हैं। उन्होंने कहा कि इससे पहले कांग्रेस की सरकार ने केवल नारे दिए, वादे किये थे। जबकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जो भी कहा, वादे किये वह सब पूरे करके दिखाये हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार से पहले कांग्रेस के शासन में यदि 60 वर्षों में ईमानदारी से विकास का काम होता तो भारत दुनिया का सर्वोच्च राष्ट्र बनता। वहीं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा सरकार ने 9 वर्षों में ही देश को दुनिया में सर्वोच्च शिखर पर लाने का काम किया है। राज्य की कांग्रेस सरकार पर निशाना साधते हुए जोशी ने कहा कि कांग्रेस के पास ना तो नीति है और ना नेता। कांग्रेस की सरकार झूठ के बुनियाद के आधार पर बनी है। किसानों का कर्जा माफ नहीं किया। बिजली के दाम बढ़ा दिए। भाजपा सरकार के समय दस हजार रूपये बिजली के बिल माफ किये थे कांग्रेस ने वापस शुरू कर दिये। राजस्थान में डीजल, पेट्रोल, बिजली सबसे महंगी है। यदि कांग्रेस सरकार जनता को राहत ही देना चाहती है तो साढ़े चार वर्षों में जनता से लूटे गये पैसे वापस दे।

जोशी ने कहा कि कांग्रेस सरकार में सुरक्षा, दलित अत्याचार, बच्चों, महिला अत्याचार, पेपर लीक, तुष्टिकरण मामलों में एक नंबर पर आता है। कहा कि शिक्षा में राजस्थान के महापुरूषों का नाम बाहर करके मुगलों के नाम जोड़ दिए है। कहा कि राज्य की कांग्रेस सरकार रिपीट नहीं होगी बल्कि डिलीट होगी। इस दौरान प्रदेश उपाध्यक्ष मुकेश दाधिच, प्रदेश मंत्री श्रवण सिंह बगड़ी, लक्ष्मीकांत भारद्वाज व मधु कुमावत, जिलाध्यक्ष इंद्रा चौधरी, सांसद स्वामी सुमेधानंद सरस्वती, रमेश जलधारी आदि मौजूद रहे।

# विश्व रक्तदाता दिवस पर सर्वाधिक रक्तदान करने वाले रक्तदाता व संस्थाएं सम्मानित




**सवाई मानसिंह मेडिकल कॉलेज के सभागार में विश्व रक्तदान दिवस पर आयोजित समारोह में 21 बार रक्तदान कर चुके नर्सिंग ऑफिसर मनोज मीना का सम्मान किया गया।**

**जयपुर।** विश्व रक्तदान दिवस पर इस वर्ष की थीम 'गिव ब्लड, गिव प्लाज्मा, सेयर लाइफ, सेयर ओफन' के साथ बुधवार को स्वास्थ्य भवन में राज्यस्तरीय सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर सर्वाधिक रक्तदान करने वाले 20 रक्तवीरों एवं 20 स्वयंसेवी संस्थाओं को सम्मानित किया गया।

सम्मान समारोह को सम्बोधित करते हुए मिशन निदेशक एनएचएम डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी ने कहा कि रक्तदान करने के प्रति रक्तवीरों में जनून होता है, और ऐसे बिरले ब्लड डोनर ही जीवनदाता कहलाते हैं। उन्होंने कहा कि रक्तवीर के रूप में स्वयं निरंतर आगे आ रहे नवयुवक और संस्थाएं प्रेरणा स्त्रोत हैं जिनकी प्रशंषा व सम्मान करना बहुत महत्वपूर्ण हैं।

मिशन निदेशक ने बताया कि आज 14 जून को विश्वभर में बिना किसी प्रलोभन के मानव सेवा के लिए रक्तदान करने वाले रक्तदाताओं और संस्थाओं के उल्लेखनीय योगदान के लिए यह दिवस मनाया जाता है।निदेशक आरसीएच डॉ.आर.पी.डोरिया ने बताया कि सर्वाधिक रक्तदान करने वाले 20 रक्तवीरों एवं 20 स्वयंसेवी संस्थाओं को सम्मानित किया गया। राज्य नोडल अधिकारी, ब्लड सेल डॉ. गिरीश द्विवेदी ने बताया कि रक्तदाता दिवस के अवसर पर राज्य मुख्यालय सहित प्रदेशभर में 200 से अधिक ब्लड डोनेशन कैम्प आयोजित किये गए।

विश्व रक्त दान दिवस पर सवाई मानसिंह मेडिकल कॉलेज के सभागार में आयोजित समारोह में सर्वाधिक रक्तदान करने के लिए नर्सिंग ऑफिसर मनोज दुब्बी को एनएचएम मिशन निदेशक डॉ, जितेंद्र सोनी, एसएमएस मेडिकल कॉलेज के प्रिंसीपल डॉ. राजीव बगरहट्टा-प्रिंसिपल, एसएमएस अस्पताल के अधीक्षक डॉ. अचल शर्मा और सवाई मान सिंह हॉस्पिटल के ब्लड बैंक प्रभारी डॉ भीम सिंह मीणा ने सम्मानित किया। मनोज दुब्बी 2009-10 से अब तक जरूरतमंदों के लिए 21 बार रक्तदान कर चुके है।

# वरिष्ठ नागरिकों के लिए रामेश्वरम्-मुदरई ट्रेन रवाना




**जयपुर के दुर्गापुरा रेलवे स्टेशन से वरिष्ठ नागरिक तीर्थ यात्रा योजना के तहत रामेश्वरम-मदुरई जाने वाले यात्रियों को परिजनों ने रवाना किया।**

**जयपुर।** मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कहा कि वरिष्ठ नागरिक हमारी अमूल्य धरोहर है। भारतीय संस्कृति में बुजुर्गों को विशेष आदर और सम्मान दिया जाता है। इन्हीं भावनाओं के साथ हमने जिम्मेदारी निभाते हुए अगस्त, 2013 में वरिष्ठ नागरिक तीर्थ यात्रा योजना की शुरूआत की थी। उस समय 41 हजार यात्रियों को विभिन्न स्थलों पर भेजकर दर्शन कराए गए। अब तक 1.17 लाख वरिष्ठ नागरिकों को यात्रा कराई जा चुकी है।

गहलोत ने बुधवार को जयपुर के दुर्गापुरा रेलवे स्टेशन से वरिष्ठ नागरिक तीर्थ यात्रा योजना के तहत रामेश्वरम-मदुरई जाने वाले यात्रियों को सम्बोधित किया। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार योजना के विस्तार में नए तीर्थ स्थलों को भी जोड़ रही है। इसमें राज्य सरकार सम्पूर्ण खर्च वहन करेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि गत सरकार द्वारा 5 साल में सिर्फ 47 हजार यात्रियों को ही तीर्थ यात्रा कराई गई, जबकि हमने योजना में नए तीर्थ स्थल जोड़कर इसे आगे बढ़ाया। इस वर्ष बजट घोषणा के अनुरूप 40 हजार लोगों को यात्रा कराई जाएगी। साथ ही कोरोना काल में वंचित एक लाख यात्रियों को 2 साल में तीर्थ दर्शन कराएंगे।

## उत्तरप्रदेश के मैनपुरी में डॉ. सतीश पूनिया ने जनसभा को संबोधित किया

**मैनपुरी/जयपुर।** उत्तरप्रदेश प्रवास पर लगातार दूसरे दिन राजस्थान विधानसभा उपनेता प्रतिपक्ष एवं भाजपा पूर्व प्रदेशाध्यक्ष डॉ. सतीश पूनिया ने मैनपुरी में जनसभा को संबोधित किया, जिसमें उन्होंने केन्द्र की मोदी सरकार की कल्याणकारी योजनाओं को लेकर आमजन से संवाद किया। जनसभा में सतीश पूनिया ने कहा कि, मोदी सरकार के 9 वर्ष के सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण को समर्पित कालखंड का यह कार्यक्रम है, जो देशभर के लोकसभा क्षेत्रों में आयोजित हो रहे हैं, जिनके माध्यम से लाभार्थियों, प्रबुद्धजन, कार्यकर्ताओं और आमजन से संवाद किया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि, नरेन्द्र मोदी ने क्या दिया और भाजपा ने क्या किया, आपको वही स्मरण दिला रहा हूं कि जब पानी के पाउच के लिए लाइन लगती थी तो देश में असंख्य कंठ सूखे थे, लोगों के घरों में नलों में पानी नहीं था, आप कल्पना कीजिए कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की योजना को और उनके विचार को उन्होंने जल जीवन मिशन के जरिए संकल्प लिया कि वर्ष 2024 तक हर घर तक नल पहुंचेगा और जल पहुंचेगा। जल जीवन मिशन योजना का लाभ मैनपुरी की जनता को भी मिला है। दुनिया की सबसे भीषण महामारी कोरोना में संयुक्त राष्ट्र संघ ने चिंता व्यक्त की थी दुनिया की सबसे दूसरी बड़ी आबादी का देश हिंदुस्तान इस महामारी से सबसे ज्यादा प्रभावित होगा। आज बैंक का खाता सामान्य लगता होगा, लेकिन मुझे याद आता है कि कांग्रेस राज में तत्कालीन प्रधानमंत्री राजीव गांधी कहते थे कि मैं एक रुपया भेजता हूं तो 15 पैसे पहुंचते हैं, 85 पैसे कहां जाते थे, इसका कोई हिसाब किताब नहीं था।

# कब्रिस्तान में तोड़फोड़ करने वाले दो गिरफ्तार

**जयपुर (कासं)।** करधनी थाना पुलिस ने खोराबीसल स्थित कब्रिस्तान में तोड़फोड़ कर आग लगाने वाले दो असामाजिक तत्वों को गिरफ्तार किया है। पुलिस उपायुक्त वंदिता राणा ने बताया कि 9 जून को करधनी थाना पुलिस को सूचना मिली थी कि खोराबीसल स्थित कब्रिस्तान में कुछ असामाजिक तत्व तोड़फोड़ कर आग लगा रहे है। इस पर पुलिस टीम तुरंत मौके पर पहुंची और निरीक्षण किया। इस संबंध में करधनी निवासी मुनीर खान से शिकायत दी। उसने बताया कि कब्रिस्तान में एक कमरा बना हुआ है, 9 जून की सुबह मैंने देखा कि किसी असामाजिक तत्व ने कब्रिस्तान की दीवार तोड़ दी और कमरे में रखे सामान में आग लगा दी।

**गोविन्द गुरु जनजातीय विश्वविद्यालय**
बाँसवाड़ा-327001 (राज.)

क्रमांक : प./जी.जी.टी.यू./बांस/2023-24/580 दिनांक : 08.06.2023

**खुली ई-निविदा सूचना 05/2023**

इस कार्यालय द्वारा पंजीकृत फर्मो से विश्वविद्यालय में प्रिन्टिंग कार्य हेतु खुली ई-निविदा आमंत्रित की जाती है।
निविदा संबंधित समस्त जानकारी sppp.rajasthan.gov.in, www.eproc.rajasthan.gov.in एवं विश्वविद्यालय कार्यालय में उपलब्ध है।

UBN No. GTU2324SLRC00006 कुलसचिव

**कार्यालय प्राधिकृत अधिकारी नगरपालिका निम्बाहेड़ा जिला-चित्तौड़गढ़ ( राज. )**

**स्टेशन रोड, निम्बाहेड़ा -312601**

टेलीफोन -01477-220042, ई मेल- nagarpalika_nimbahera@yahoo.com

क्रमांक/ नपानि/ भूमि / 2023-24/ दिनांक -14.06.2023

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि निम्न वर्णित आवेदनकर्ताओं ने अपने नाम के सम्मुख अंकित कॉलोनी/मौहल्ला/वार्ड पर अपनी सम्पत्ति के पट्टे के लिए आवेदन किया है। संबंधित आवेदनकर्ताओं की विस्तृत जानकारी नगर पालिका निम्बाहेड़ा की वेबसाईट http://urban.rajasthan.gov.in एवं स्वायत्त शासन विभाग की वेबसाईट http://lsg.urban.rajasthan.gov.in तथा https://shahar2021.rajasthan.gov.in पर देखी जा सकती है।

| क्र.सं. | नाम | वार्ड/कॉलोनी/ गली का नाम |
|---|---|---|
| 1. | श्री वसीमुलहक पिता निजामुलहक निवासी-निम्बाहेड़ा | गायरी मौहल्ला |
| 2. | श्रीमति जायदा पिता श्री निसार अहमद निवासी- निम्बाहेड़ा | इन्द्रा कॉलोनी |
| 3. | श्री मोहम्मद उमर पिता श्री गुल मोहम्मद निवासी - निम्बाहेड़ा | पुरानी बस्ती |
| 4. | श्री ओमनाथ पिता हीरानाथ निवासी - निम्बाहेड़ा | छतरी तलाई |
| 5. | श्रीमति मुमताज पत्नी मोहम्मद अतिक निवासी-निम्बाहेड़ा | ईशक्काबाद |
| 6. | श्रीमति परवीन पिता करीम खान निवासी-निम्बाहेड़ा | ईशाकपुरा |
| 7. | श्री मोहम्मद हुसैन पिता श्री तय्यब अली बोहरा निवासी-निम्बाहेड़ा | ईन्द्रा कॉलोनी |
| 8. | श्री इनायत अली पिता फकीर अली निवासी - निम्बाहेड़ा | ईशक्काबाद |
| 9. | श्री मोहम्मद अख्तर खान पिता श्री मोहम्मद अय्युब खान, निम्बाहेड़ा | गायरी मौहल्ला |
| 10. | श्री आजाद खान पिता श्री रजाक खान, निवासी- निम्बाहेड़ा | ईशाकपुरा |
| 11. | श्री घनश्याम तोषावड़ा पिता श्री मोड़ीराम तोषावड़ा निवासी- निम्बाहेड़ा | ईशाकपुरा |
| 12. | श्री पुरणमल कुमावत पिता श्री मांगीलाल कुमावत, निवासी- निम्बाहेड़ा | पैंच तलाई |
| 13. | श्रीमती आमना पत्नि श्री मोहम्मद हनीफ निवासी-निम्बाहेड़ा | कंधी मोहल्ला |
| 14. | श्री मोहम्मद ईदरिस, एवं श्री मो.नफीस पिता श्री युसूफ खान, निवासी- निम्बाहेड़ा | पुरानी आबादी, ईशाकपुरा |
| 15. | श्रीमती नंदा सतोनिया पत्नि श्री अशोक कुमार एवं श्रीमती सुषमा शर्मा पत्नि श्री दिनेश शर्मा, निवासी - निम्बाहेड़ा | ईशाकपुरा |
| 16. | श्री बाबुलाल पिता श्री मोतीलाल चारण निवासी - निम्बाहेड़ा | स्नेह हॉस्पीटल के पास, उदयपुर रोड़ |
| 17. | श्रीमती कंचन देवी पत्नि श्री बाबुलाल चारण निवासी अरनिया जोशी | रत्नराज नगर, जयसेन नगर निम्बाहेड़ा |
| 18. | श्री सलाउद्दीन बख्शी पिता श्री ग्यासुद्दीन बख्शी निवासी - निम्बाहेड़ा | बेडा बक्क्षी |
| 19. | श्रीमति शकीला बेगम पिता श्री मुश्ताक अहमद खान निवासी - निम्बाहेड़ा | गायरी मोहल्ला |
| 20. | श्रीमती नाजमा बेगम पत्नि श्री शाहीद अली निवासी ईशाकपुरा | ईशाकपुरा |
| 21. | श्री अब्दुल सलीम गौरी पिता श्री अब्दुल करीम गौरी, एवं श्रीमती शमा नसरीन पत्नि श्री इम्तियाज अहमद निवासी-निम्बाहेड़ा | सदर बाजार |
| 22. | श्री ईकबाल खान पिता श्री खलील खान निवासी-निम्बाहेड़ा | चंदन चौक |
| 23. | श्री नवीनचंद्र गौड़ एवं श्री देवानंद गौड़ पिता श्री सुरज करण शर्मा निवासी-निम्बाहेड़ा | सब्जी मंडी |
| 24. | कैलाशचन्द पिता श्री बंशीलाल सोमानी निवासी निम्बाहेड़ा | सुथारी मोहल्ला, चन्दन चौक |
| 26. | आमना सुल्ताना पत्नि स्व.श्री डेरान खान निवासी निम्बाहेड़ा | पुरानी ईदगाह मस्जिद के पास |
| 27. | श्रीमती विद्या कुमावत पत्नि श्री ओम प्रकाश कुमावत निवासी निम्बाहेड़ा | पेंच तलाई |
| 28. | श्रीमती सुशीला देवी पत्नि श्री बालचंद भांबी निवासी निम्बाहेड़ा | पेंच का पुरा |
| 29. | श्री नरेन्द्र कुमार सेन पिता श्री मोहनलाल सेन निवासी निम्बाहेड़ा | श्री राम कॉलोनी |
| 30. | श्रीमती खातुन बाई पत्नि श्री अब्दुल हमिद निवासी निम्बाहेड़ा | नई आबादी मेवाती मोहल्ला |
| 31. | श्री बंसतीलाल पायक पिता श्री हीरालाल पायक निवासी निम्बाहेड़ा | जावद दरवाजा |
| 32. | श्री सुरेश कुमार पिता श्री सागरमल सहलोत निवासी निम्बाहेड़ा | पुरानी कचहरी स्कूल के पास, बड़ा होली थड़ा |
| 33. | श्रीमती आलोफिया पत्नि श्री खोजेमा बोहरा निवासी निम्बाहेड़ा | मोतीबाजार |
| 34. | श्री गोपाल, एवं मनोहर पंचोली, पिता श्री कन्हैयालाल पंचोली | केची चौराहा |
| 35. | श्री गोपाल, एवं मनोहर पंचोली, पिता श्री कन्हैयालाल पंचोली | केची चौराहा |
| 36. | श्रीमती मुन्नी बेगम पत्नि श्री छुट्टन खां कुरैशी निवासी निम्बाहेड़ा | बड़ा कसाई मोहल्ला |
| 37. | श्री गुलशेर खान मेव पिता श्री रशिद खान मेव निवासी निम्बाहेड़ा | ईशाकपुरा |

इसलिये इसके द्वारा सम्बन्धित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति के पास राजस्थान नगर पालिका अधिनियम 2009 की धारा 69-क के अधिन पूर्ण स्वामित्व पट्टा अधिकार अभिप्राप्त करने के लिये नगर पालिका के पक्ष में आवेदक द्वारा भूमि के अधिकार अभ्यर्पण करने की अनुज्ञा की मंजूरी के सम्बंध में कोई आक्षेप हे तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 7 दिवस के भीतर किसी भी कार्य दिवस पर कार्यालय समय के दौरान अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष समर्थक दस्तावेजों के साथ अपने आक्षेप प्रस्तुत कर सकेगा।

( सौरभ कुमार जिन्दल )
अधिशाषी अधिकारी, नगर पालिका निम्बाहेड़ा



मैं काफी भाग्यशाली हूं कि मैंने काफी समय उनके साथ गुजारा है। उनका बहुत सम्मान है। जब भी वह ड्रेसिंग रूम में आते थे तो उनकी अलग ही आभा होती है। आप उनसे बात करना चाहते है और यह समझना चाहते है कि वो क्या कहना चाहते है। **- डेव्हन कॉनवे**

**न्यूजीलैंड के बल्लेबाज, महेन्द्र सिंह धोनी के बारे में।**

# खेल जगत

**आज का खिलाड़ी**

## लोकेश राहुल



**भारत** के सीनियर बल्लेबाज लोकेश राहुल जांघ की सर्जरी के बाद एकदिवसीय विश्व कप से पहले सितंबर में श्रीलंका में होने वाले एशिया कप के दौरान वापसी की उम्मीद के साथ व्यापक रिहैबिलिटेशन कार्यक्रम के लिए यहां राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) पहुंच गए हैं। आईपीएल में लखनऊ सुपर जाइंट्स की कप्तानी करने वाले राहुल हाल में संपन्न हुई इस लुभावनी टी20 लीग के दौरान चोटिल हो गए थे। वह इसके बाद टूर्नामेंट और विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल से हट गए थे और उन्हें जांघ की सर्जरी कराने की सलाह दी गई थी।

**क्या आप जानते हैं ?...** ऑस्ट्रेलिया के खब्बू स्पिनर फ्लीड वुड स्मिथ ने इंग्लैंड के विरुद्ध 1938 में 87 ओवर में 298 रन पर एक विकेट लिया था। ये आज तक एक टेस्ट पारी में किसी भी गेंदबाज द्वारा दिए गए सबसे ज्यादा रन है।

## शांतों के शतक से बांग्लादेश मजबूत

मीरपुर, 14 जून। युवा प्रतिभावान बल्लेबाज नजमुल हुसैन शांतो (146) के शानदार शतक की मदद से बंगलादेश ने अफगानिस्तान के खिलाफ एकमात्र टेस्ट के पहले दिन बुधवार को पांच विकेट के नुकसान पर 362 रन बना लिये। अफगानिस्तान ने टॉस जीतकर गेंदबाजी करते हुए सलामी बल्लेबाज़ ज़ाकिर हसन (76) को मात्र एक रन के स्कोर पर पवेलियन लौटा दिया। इसके बाद हालांकि शांतो ने महमूदुल हसन जॉय के साथ मिलकर अफगान गेंदबाजों को थकाने का काम किया। दोनों बल्लेबाज़ों के बीच दूसरे विकेट के लिये 212 रन की विशालकाय साझेदारी हुई, जिसमें महमूदुल ने 76 रन का योगदान दिया। महमूदुल ने अपनी 137 गेंद की पारी में नौ चौके जड़े और उन्होंने रहमत शाह ने आउट किया। महमूदुल का विकेट गिरने के बाद भी शांतो की पारी नहीं रुकी। शांतो ने 118वीं गेंद पर अपना शतक पूरा किया और आउट होने से पहले 146 रन की पारी खेली। उन्होंने 175 गेंदों का सामना करते हुए अपनी पारी में 23 चौके और दो छक्के जड़े। निजात मसूद और अमीर हमज़ा ने क्रमशः मोमिनुल हक़ (15) और शांतो को 15 रन के अंतराल में पवेलियन भेजा, जबकि कप्तान लिटन दास (नौ) भी बड़ा योगदान दिये बिना आउट हो गये। मुश्फिकुर रहीम और मेहदी हसन मिराज़ ने हालांकि छठे विकेट के लिये 72 रन की नाबाद साझेदारी करके बंगलादेश का कोई और नुकसान नहीं होने दिया। दिन का खेल खत्म होने तक मुश्फिकुर 41 जबकि मेहदी 43 रन बना चुके हैं।

## स्टुटगार्ट ओपन में हारे निक किर्गियोस

स्टुटगार्ट, 14 जून। घुटने की सर्जरी के बाद वापसी करते हुए निक किर्गियोस को स्टुटगार्ट ओपन टेनिस टूर्नामेंट के पहले दौर में चीन के वू यिबिंग के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा। विंबलडन 2022 के फाइनल में जगह बनाने वाले किर्गियोस साल के अपने पहले मुकाबले के दौरान बिलकुल भी लय में नहीं दिखे और उन्हें यिबिंग ने सीधे सेट में 7-5, 6-3 से हराया। स्टुटगार्ट में दो बार सेमीफाइनल में जगह बनाने वाले किर्गियोस अक्टूबर में तोक्यो के बाद पहली बार खेल रहे थे। जनवरी में इस ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी के घुटने का ऑपरेशन हुआ था। ग्रास कोर्ट पर अपना पहला पेशेवर मुकाबला खेलने वाले यिबिंग अगले दौर में मार्टन फुकसोविक्स से भिड़ेंगे जिन्होंने डेनिस शापोवालोव के खिलाफ पहला सेट गंवाने के बाद वापसी करते हुए 3-6, 6-3, 6-4 से जीत दर्ज की। पांचवें वरीय अमेरिका के टॉमी पॉल ने बेंजामिन बोंजी को 6-3, 6-4 से हराया जबकि फ्रांस के ग्रेगोएर बेरेरे ने स्थानीय दावेदार ऑस्कर ओटे को 6-4, 6-3 से शिकस्त दी। ऑस्ट्रेलिया के क्रिस्टोफर ओ कोनेल ने जर्मनी के डेनियल आल्टमेयर को 6-3, 6-1 से हराया।

## बीसीसीआई ने अर्जुन तेंदुलकर समेत 20 युवाओं को एनसीए में शिविर में बुलाया

नयी दिल्ली, 14 जुलाई। एलीट स्तर पर शीघ्र खेलने को तैयार बहुमुखी प्रतिभा के धनी खिलाड़ियों की तलाश में जुटे बीसीसीआई ने 20 होनहार हरफनमौलाओं को बेंगलुरू स्थित राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी में तीन सप्ताह के शिविर के लिये बुलाया है। इनमें गोवा के लिये प्रथम श्रेणी क्रिकेट खेलने वाले अर्जुन तेंदुलकर भी शामिल है जिन्होंने पिछले सत्र में मुंबई इंडियंस के लिये आईपीएल में पदार्पण किया। बोर्ड के एक सीनियर सूत्र ने बताया ,'' इस साल के आखिर में एमर्जिंग एशिया कप ( अंडर 23) होना है और बीसीसीआई को युवाओं की तलाश है। हरफनमौलाओं का शिविर एनसीए के क्रिकेट प्रमुख वीवीएस लक्ष्मण का सुझाव था ताकि हम हर प्रारूप में बहुमुखी प्रतिभा के धनी क्रिकेटर तलाश सकें।'' समझा जाता है कि शिव सुंदर दास की अगुवाई वाली सीनियर राष्ट्रीय चयन समिति ने प्रदर्शन और क्षमता के आधार पर खिलाड़ियों का चयन किया है। सूत्र ने कहा, शिविर में शामिल हर खिलाड़ी खालिस हरफनमौला नहीं है। कुछ गेंदबाजी हरफनमौला और कुछ बल्लेबाजी हरफनमौला हैं। इसका मकसद उनकी प्रतिभा को निखारकर शीर्ष पर खेलने के लिये तैयार करना है।'' इनमें चेतन सकारिया, अभिषेक शर्मा, मोहित रेडकर, मानव सुतार, हर्षित राणा, दिविज मेहरा जैसे खिलाड़ी शामिल हैं।

## तीरंदाजी विश्व कप तीसरा चरण : अदिति ने अंडर-18 विश्व रिकॉर्ड तोड़ा

मेडेलिन, 14 जून। भारतीय टीनएजर अदिति स्वामी ने कोलंबिया के मेडेलिन में तीरंदाजी विश्व कप के तीसरे चरण में अंडर 18 विश्व रिकॉर्ड तोड़कर अगले दौर के लिये क्वालीफाई कर लिया। पिछले साल दिसंबर में एशिया कप के तीसरे चरण में रजत पदक जीतने वाली 16 वर्ष की अदिति ने महिलाओं के कंपाउंड वर्ग में 720 में से 711 अंक लेकर पहला स्थान हासिल किया। पहली बार विश्व कप सत्र खेल रही अदिति ने 705 का पिछला रिकॉर्ड तोड़ा जो मई में अमेरिका की लाइको अरेओला ने बनाया था। अदिति ने कहा ,'' यह शानदार है। मैं बहुत खुश हूं। मुझे यकीन नहीं था कि मैं ऐसा स्कोर करूंगी।'' भारत की ही विश्व कप स्वर्ण पदक विजेता ज्योति सुरेखा वेन्नम भी उससे पीछे रही। अदिति, ज्योति और परणीत कौर ने टीम वर्ग में भी क्वालीफिकेशन में पहला स्थान हासिल किया लेकिन विश्व रिकॉर्ड से एक अंक से चूक गए। पुरूष वर्ग में पहले दो चरण से बाहर रहे अभिषेक वर्मा भारतीयों में शीर्ष रहे। ओजस देवताले 13वें और प्रथमेश जावकर 19वें स्थान पर रहे।

# डब्ल्यूटीसी : वेस्टइंडीज दौरे से 2023-25 सत्र का आगाज करेगा भारत

बेंगलुरू, 14 जून। भारतीय क्रिकेट टीम 2023 . 25 आईसीसी विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप चक्र की शुरूआत जुलाई में वेस्टइंडीज दौरे से करेगी और अगले दो साल में आस्ट्रेलिया तथा इंग्लैंड के खिलाफ द्विपक्षीय श्रृंखलायें भी खेलनी है। भारतीय टीम अगले महीने वेस्टइंडीज दौरे पर दो टेस्ट डोमिनिका (12 से 16 जुलाई) और त्रिनिदाद (20 से 24 जुलाई) में खेलेगी। भारत पिछले दो चक्र में डब्ल्यूटीसी फाइनल में पहुंचा लेकिन न्यूजीलैंड और आस्ट्रेलिया से हार गया।

अगला चक्र इंग्लैंड और आस्ट्रेलिया के बीच एशेज श्रृंखला के साथ शुरू होगा जिसमें शुक्रवार को पहला टेस्ट खेला जायेगा। वेस्टइंडीज दौरे के बाद भारतीय टीम दिसंबर 2023 से जनवरी 2024 के बीच दक्षिण अफ्रीका से खेलेगी। इसके बाद जनवरी फरवरी 2024 में इंग्लैंड के खिलाफ पांच टेस्ट मैचों की श्रृंखला की मेजबानी करेगा। फिर बांग्लादेश से सितंबर अक्टूबर 2024 में अपनी सरजमीं पर खेलना है। इसके बाद न्यूजीलैंड टीम तीन टेस्ट मैचों की श्रृंखला खेलने आयेगी।

भारतीय टीम नवंबर 2024 से जनवरी 2025 के बीच आस्ट्रेलिया में पांच टेस्ट की बॉर्डर गावस्कर श्रृंखला खेलेगी जिसके साथ ही भारत का डब्ल्यूटीसी चक्र खत्म होगा। आईसीसी के क्रिकेट महाप्रबंधक वसीम खान ने कहा ,'' इस टेस्ट चैम्पियनशिप में प्रतिस्पर्धा का स्तर काफी उच्च है जिससे दर्शकों की भी रूचि बढी है। ओवल पर फाइनल में जुटी भीड़ इसकी बानगी है।'' नौ टीमों के डब्ल्यूटीसी में हर टीम तीन श्रृंखला अपनी धरती पर और तीन बाहर खेलेगी।

## लॉर्ड्स, ओवल, हेडिंग्ले 2025 के इंग्लैंड के टेस्ट दौरे पर भारत की मेजबानी करेंगे

लंदन, 14 जून। क्रिकेट का मक्का कहा जाने वाला लॉर्ड्स, प्रतिष्ठित ओवल, तेजी गेंदबाजी के अनुकूल हेडिंग्ले उन पांच स्थलों में शामिल हैं जहां भारतीय क्रिकेट टीम 2025 दौरे पर टेस्ट मैच खेलेगी। इंग्लैंड एवं वेल्स क्रिकेट बोर्ड ने बुधवार को यह घोषणा की। ईसीबी ने 2025-2031 के बीच सात साल के चक्र के लिए अपनी पुरुष और महिला टीम के घरेलू कैलेंडर की घोषणा की। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद के भविष्य दौरा कार्यक्रम के अनुसार भारत जून 2025 में पांच टेस्ट के लिए इंग्लैंड का दौरा करने के लिए तैयार है और ईसीबी ने विज्ञप्ति में कहा कि पटौदी ट्रॉफी के लिए ये मुकाबले लॉर्ड्स, द ओवल (दोनों लंदन में), एजबेस्टन (बर्मिंघम), हेडिंग्ले (लीड्स) और ओल्ड ट्रैफर्ड (मैनचेस्टर) में खेले जाएंगे।

वर्ष 2029 की श्रृंखला में हेडिंग्ले की जगह साउथम्पटन का रोज बाउल लेगा जबकि बाकी चार स्थल लॉर्ड्स, द ओवल, एजबेस्टन और ओल्ड ट्रैफर्ड ही रहेंगे। भारत दो साल पहले साउथम्पटन में ही न्यूजीलैंड के खिलाफ विश्व टेस्ट चैंपियनशिप का फाइनल हार गया था। ईसीबी के सीईओ रिचर्ड गोल्ड ने कहा, "अगले सात वर्षों के कार्यक्रम की घोषणा करके हम स्थलों को दीर्घकालिक निश्चितता भी दे रहे हैं ताकि वे स्टेडियम में सुधार और बेहतर प्रशंसक अनुभव में स्थायी रूप से निवेश कर सकें।"

ऑस्ट्रेलिया के अलावा भारत एकमात्र टीम है जिसके खिलाफ इंग्लैंड स्वदेश और विदेश दोनों में पांच टेस्ट की श्रृंखला खेलता है। इंग्लैंड का भारत का अगला दौरा जनवरी 2024 में पांच टेस्ट मैचों के लिए होगा जो एंथोनी डि मेलो ट्रॉफी के लिए खेला जाएगा। भारत और इंग्लैंड 2014 से एक टेस्ट श्रृंखला में पांच मैच खेल रहे हैं। इसका अपवाद इंग्लैंड का 2020-21 का भारत दौरा था जिसमें सीमित ओवरों की श्रृंखला को समायोजित करने के लिए एक टेस्ट कम कर दिया गया था।

# शतरंज का आईपीएल होगी जीसीएल : साधवानी

नयी दिल्ली, 14 जून। युवा भारतीय ग्रैंडमास्टर रौनक साधवानी का मानना है कि टेक महिंद्रा और अंतरराष्ट्रीय शतरंज महासंघ (फिडे) के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित हो रही ग्लोबल चेस लीग (जीसीएल) शतरंज जगत पर वही प्रभाव डालेगी जो इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) ने क्रिकेट पर डाला है।

बालन अलास्कन नाइट्स फ्रेंचाइजी से जुड़ चुके साधवानी ने बुधवार को कहा, सच कहूं तो जब मुझे इस लीग के बारे में पता चला तो मैं बहुत उत्साहित था और इसका बेसब्री से इंतजार कर रहा था। इसके प्रारूप ने मुझे आकर्षित किया क्योंकि यह ऐसी लीग है, जिसमें 36 बहुत मजबूत खिलाड़ियों को एक साथ लाने का एक अनूठा विचार है। मैंने इस प्रतिष्ठित इवेंट का हिस्सा बनने का फैसला किया क्योंकि यह मुझे मजबूत विरोधियों के खिलाफ प्रतिस्पर्धा करने, अनुभव हासिल करने और साथ ही खेल का लुत्फ उठाने का अवसर देता है।

उन्होंने कहा, जीसीएल पहला ऐसा आयोजन है जो इस खेल को वैश्विक स्तर पर और अधिक लोकप्रिय बना देगा। मुझे लगता है कि इसके बाद युवा खिलाड़ियों की खेल में दिलचस्पी बढ़ेगी। क्रिकेट में हमारे पास आईपीएल है और 2008 में इसकी शुरुआत के बाद, हमने कई युवाओं को क्रिकेट को अपनाते हुए देखा। उम्मीद है कि यह लीग भी शतरंज पर वैसा ही प्रभाव डालेगी।

ग्लोबल चेस लीग का आयोजन 21 जून से दो जुलाई के बीच दुबई के चेस एंड कल्चरल सेंटर में होना है। इस आयोजन में पुरुष एवं महिला खिलाड़ियों से सजी छह फ्रेंचाइजी हिस्सा ले रही हैं। मात्र 13 साल की उम्र में ग्रैंडमास्टर बनने वाले साधवानी मिश्रित टीम प्रारूप से बेहद प्रभावित हैं।

साधवानी ने कहा, मुझे लगता है कि यह एक अद्भुत पहल है जो खिलाड़ियों को अपनी खेल प्रतिभा दिखाने का अवसर देती है। मैं व्यक्तिगत रूप से टीम स्पर्धाओं में खेलने का अधिक आनंद लेता हूं। सबसे पहले, पूरी लीग के दौरान टीम के साथ बने रहना मजेदार है। टीम स्पर्धाओं में प्रत्येक व्यक्ति टीम की सफलता में अपनी भूमिका निभाता है।

उन्होंने कहा, हम नये दोस्त बनाते हैं और उनके बारे में कई दिलचस्प बातें पता चलती हैं। मुझे लगता है कि पुरुषों और महिलाओं दोनों का एक ही टीम में होना दिलचस्प होगा। यह टीम में अलग गतिशीलता भी जोड़ेंगे। साधवानी ग्रैंडमास्टर बनने वाले शतरंज इतिहास के 10वें सबसे कम उम्र के खिलाड़ी हैं और चौथे सबसे कम उम्र के भारतीय हैं। महाराष्ट्र के नागपुर से ताल्लुक रखने वाला यह युवा ग्रैंडमास्टर 2015 में अंडर-10 राष्ट्रमंडल चैंपियन था।

सात साल की उम्र में अपनी शतरंज की यात्रा शुरू करने वाले साधवानी खिलाड़ियों की उस प्रतिभा से काफी प्रभावित हैं जो भारत को आगे ले जा रही है। उन्होंने कहा, कई युवा भारतीय प्रतिभाएं हैं जो अच्छा प्रदर्शन कर रही हैं और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बना रही हैं। जीसीएल एक बेहतरीन शुरुआत है और मुझे उम्मीद है कि कई अन्य यूरोपीय देशों की तर्ज पर भारत के पास भी आने वाले वर्षों में अपनी शतरंज लीग होगी।

# विंबलडन की पुरस्कार राशि बढ़कर हुई 4.65 अरब रुपये

लंदन, 14 जून। ऑल इंग्लैंड लॉन टेनिस क्लब ने साल के तीसरे ग्रैंड स्लैम आयोजन विंबलडन की पुरस्कार राशि में 11.2 प्रतिशत की वृद्धि करने का फैसला लिया है, जिसके बाद कुल पुरस्कार राशि 4.47 करोड़ पाउंड (4.65 अरब रुपये) हो जायेगी। क्लब ने बुधवार को इसकी घोषणा करते हुए बताया कि पुरुष और महिला एकल विजेताओं को 23.5 लाख रुपये दिये जायेंगे, जबकि उपविजेता को 11.75 लाख की इनामी राशि दी जायेगी।

उल्लेखनीय है कि कोरोना के कारण 2021 में विजेताओं के लिये पुरस्कार राशि घटाकर 17 लाख पाउंड कर दी गयी थी, जिसे पिछले साल बढ़ाकर दो मिलियन पाउंड किया गया था।आयोजकों ने एक बयान में कहा, "अर्हता प्रतियोगिता पुरस्कार राशि कोष में पिछले वर्ष की तुलना में 14.5 प्रतिशत की वृद्धि हुई है, जबकि मुख्य ड्रा एकल खिलाड़ियों को पहले दौर में हारने पर 55,000 पाउंड प्राप्त होंगे, जो 2022 की तुलना में 10 प्रतिशत अधिक है।'' पुरुष और महिला युगल के लिये पुरस्कार राशि में पिछले साल से 10.7 प्रतिशत की वृद्धि की गयी है, जबकि व्हीलचेयर और क्वाड व्हीलचेयर एकल और युगल स्पर्धाओं के लिये पुरस्कार राशि में लगभग 20 प्रतिशत का इज़ाफ़ा किया गया है।

ऑल इंग्लैंड क्लब के अध्यक्ष इयान हेविट ने कहा, "इस साल चैंपियनशिप में प्रतिस्पर्धा करने वाले खिलाड़ियों को रिकॉर्ड पुरस्कार राशि की पेशकश करते हुए हमें खुशी हो रही है। इसके साथ हमारी महत्वाकांक्षा एकल चैंपियन और उपविजेता पुरस्कार राशि को 2019 में महामारी से पहले के स्तर पर लौटाना है, साथ ही, आयोजन के शुरुआती दौर में खिलाड़ियों के लिये योग्य समर्थन प्रदान करना है।''

## एशियाई खेलों में भाग नहीं लेगी हिमा दास : राष्ट्रीय मुख्य कोच

भुवनेश्वर, 14 जून। भारत की स्टार फर्राटा धाविका हिमा दास अप्रैल में लगी हैमस्ट्रिंग की चोट के कारण चीन में आगामी एशियाई खेलों में भाग नहीं ले सकेगी। भारतीय एथलेटिक्स के मुख्य कोच राधाकृष्णन नायर ने बुधवार को इसकी पुष्टि की। 23 वर्ष की हिमा ने जकार्ता में 2018 एशियाई खेलों में 400 मीटर का व्यक्तिगत रजत पदक जीता था। वह स्वर्ण और रजत पदक जीतने वाली महिलाओं की चार गुणा 400 मीटर और मिश्रित चार गुणा 400 मीटर रिले टीम का भी हिस्सा थी।

नायर ने कहा, यह दुखद है कि वह अप्रैल में बेंगलुरू में इंडियन ग्रां प्री चार से एक दिन पहले चोटिल हो गई। उसकी हैमस्ट्रिंग में चोट है और कमर में भी तकलीफ है। मेडिकल जांच चल रही है और लगता है कि वह एएफआई की नीति के तहत एशियाई खेलों में भाग नहीं ले सकेगी।''

चोट के कारण वह पिछले महीने रांची में फेडरेशन कप भी नहीं खेली थी। नायर ने तब पीटीआई से कहा था कि उन्हें उम्मीद है कि वह राष्ट्रीय अंतर प्रांत चैम्पियनशिप में भाग लेने के लिये फिट हो जायेगी जो हांगझोउ एशियाई खेलों का आखिरी चयन टूर्नामेंट है।

भारतीय एथलेटिक्स महासंघ ने साफ तौर पर कहा है कि जिन खिलाड़ियों को छूट मिली है उनके अलावा सभी को बृहस्पतिवार से यहां शुरू हो रही राष्ट्रीय चैम्पियनशिप में भाग लेना होगा और तभी वह एशियाई खेलों में चयन के दावेदार होंगे। तोक्यो ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता भालाफेंक खिलाड़ी नीरज चोपड़ा और 2022 राष्ट्रमंडल खेल 3000 मीटर स्टीपलचेस रजत पदक विजेता अविनाश साबले को छूट मिली है।

## रिकी पोंटिंग बने रहेंगे दिल्ली कैपिटल्स के मुख्य कोच, सह मालिक पार्थ जिंदल ने दिए संकेत

नयी दिल्ली, 14 जून। ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान रिकी पोंटिंग का दिल्ली कैपिटल्स के इंडियन प्रीमियर लीग के पिछले सत्र में नौवें स्थान पर रहने के बावजूद टीम का मुख्य कोच बने रहना लगभग तय है। टीम के सह मालिक पार्थ जिंदल ने ऐसे संकेत दिए हैं। अटकलें लगाई जा रही थीं कि टीम के खराब प्रदर्शन के बाद पोंटिंग पद से हट सकते हैं लेकिन जिंदल ने सभी संदेहों को दूर करने के लिए ट्विटर का सहारा लिया और घोषणा की कि क्रिकेट निदेशक सौरव गांगुली और पोंटिंग थिंक टैंक का हिस्सा बने रहेंगे।

जिंदल ने कहा, "यहां दिल्ली कैपिटल्स में अगले साल के लिए आईपीएल की तैयारी सौरव गांगुली और रिकी पोंटिंग के साथ चल रही है। हम प्रशंसकों को आश्वस्त करते हैं कि किरण और मैं टीम को उस जगह पर वापस ले जाने के लिए कड़ी मेहनत कर रहे हैं जहां हम इस फ्रेंचाइजी को चाहते हैं और यह बहुत ऊपर है।'' हालांकि यह स्पष्ट नहीं है कि पोंटिंग को उनकी पसंद का सहयोगी स्टाफ मिलेगा या नहीं क्योंकि अगली बार शेन वाटसन और जेम्स होप्स डग आउट में नहीं दिखेंगे।

## दलीप ट्रॉफी नहीं खेलेंगे ईशान किशन

नयी दिल्ली, 14 जून। वेस्टइंडीज के खिलाफ श्रृंखला में एक महीने से भी कम समय बाकी रह गया है लेकिन ईशान किशन ने दलीप ट्रॉफी के लिये पूर्वी क्षेत्र की टीम से नाम वापिस ले लिया है। भारत ए के कप्तान अभिमन्यु ईश्वरन टीम के कप्तान होंगे जबकि भारत के पूर्व स्पिनर शाहबाज नदीम उपकप्तान होंगे।

पूर्वी क्षेत्र की चयन समिति के एक सदस्य ने पीटीआई से कहा ,'' वह डब्ल्यूटीसी फाइनल के लिये भारतीय टीम में था और केएस भरत अंतिम एकादश में चुना गया तो हमने क्षेत्रीय चयन समिति के समन्वयक देबाशीष चक्रवर्ती से पूछा था कि क्या हम ईशान का चयन कर सकते हैं।''

उन्होंने कहा वह सीमित ओवरों में भारत के लिये लगातार खेलता आया है तो उसे कप्तानी मिलनी थी। चक्रवर्ती ने फोन पर उससे पूछा और हमें बताया कि वह दलीप ट्रॉफी नहीं खेलना चाहता। हमें नहीं बताया गया कि वह चोटिल है या नहीं। बस इतना बताया गया कि वह नहीं खेलना चाहता।'' उनकी जगह अभिषेक पोरेल को चुना गया।

## ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पहले एशेज टेस्ट के लिये इंग्लैंड टीम में ब्रॉड को वुड पर तरजीह

मिंघम, 14 जून। इंग्लैंड ने आस्ट्रेलिया के खिलाफ 16 जून से शुरू हो रहे पहले एशेज टेस्ट के लिये मार्क वुड की रफ्तार पर स्टुअर्ट ब्रॉड के अनुभव को तरजीह दी है। जेम्स एंडरसन और ओली रॉबिनसन चोटों से उबरकर टीम में लौटे हैं जिससे सिर्फ एक और तेज गेंदबाज की जगह बाकी थी। ब्रॉड इंग्लैंड के लिये 162 टेस्ट में 582 विकेट ले चुके हैं। मोईन अली स्पिन गेंदबाजी की कमान संभालेंगे जो संन्यास का फैसला बदलकर वापसी कर चुके हैं।

## दक्षिण अफ्रीका को हराकर भारत सेमीफाइनल में

चेन्नई, 14 जून। भारत ने दक्षिण अफ्रीका को 4.0 से हराकर एसडीएटी डब्ल्यूएसएफ स्क्वाश विश्व कप के सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया। तन्वी खन्ना, सौरव घोषाल, जोशना चिनप्पा और अभय सिंह ने भारत की जीत का मार्ग प्रशस्त किया। अब भारत का सामना पूल बी में शीर्ष स्थान के लिये जापान से होगा। तन्वी खन्ना ने हेली वार्ड को 7.4, 7.2, 7.3, 7.2 से हराया। दूसरे मैच में भारत के नंबर एक खिलाड़ी सौरव घोषाल ने डेवाल्ड वान नीकर्क को टाइब्रेकर में हराया। वहीं जोशना चिनप्पा ने लिजेले म्युलर को 3.1 से हराकर भारत को 3.0 की बढत दिला दी। अभय सिंह ने आखिरी मैच में जीन पियरे ब्रिट्स को 3.1 से हराकर भारत की जीत तय की। पूल बी में जापान ने हांगकांग, चीन को मात दी। पूल ए में गत चैम्पियन और शीर्ष वरीयता प्राप्त मिस्त्र ने कोलंबिया को 4.0 से हराया जबकि चौथी वरीयता प्राप्त मलेशिया ने पांचवीं वरीयता प्राप्त आस्ट्रेलिया को 3.1 से मात दी।

## केन्द्रीय आसीय प्रशिक्षण शिविर का समापन आज

जयपुर 14 जून। सवाईमान सिंह स्टेडियम में चल रहे 63 वें केन्द्रीय आवासीय प्रशिक्षण शिविर का समापन समारोह गुरूवार सुबह 9.15 बजे किया जाएगा। शिविर निदेशक एवं खेल अधिकारी करन सिंह शेखावत ने बताया कि समापन समारोह राजस्थान राज्य क्रीड़ा परिषद की अध्यक्ष पदमश्री डॉ. कृष्णा पूनिया के मुख्य आतिथ्य में होगा। अध्यक्षता ओलम्पियन सपना पूनिया करेगी। कार्यक्रम में एशियन मैडलिस्ट जितेन्द्र सिंह, कार्यवाहक सचिव एवं वित्तीय सलाहकार महावीर प्रसाद मीणा, मुख्य खेल अधिकारी एवं मुख्य शिविर निदेशक द्रोणाचार्यी अवार्डी वीरेन्द्र पूनिया बतौर विशिष्ट अतिथि शिरकत करेंगें। समापन में सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों को पुरस्कृत कर सम्मानित किया जायेगा। गौरतलब है 7 खेलों में आयोजित केन्द्रीय आवासीय प्रशिक्षण शिविर में 300 से अधिक शिविरार्थी खिलाड़ियों एवं 100 से अधिक स्थानीय खिलाड़ियों ने भाग लिया।

## टेस्ट रैंकिंग में ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाजों की धूम

दुबई, 14 जून। विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) फाइनल में 209 रन की विशाल जीत के बाद ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाजों ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की टेस्ट रैंकिंग में शीर्ष तीन पायदान हासिल कर लिये हैं। आईसीसी की ओर से बुधवार को जारी नवीनतम रैंकिंग के अनुसार स्टीव स्मिथ 885 रेटिंग पॉइंट के साथ एक पायदान की छलांग लगाकर दूसरे स्थान पर पहुंच गये हैं, जबकि ट्रैविस हेड ने 884 रेटिंग पॉइंट के साथ तीन पायदान की छलांग लगाकर तीसरा स्थान हासिल कर लिया है। मार्नस लाबुशेन (903) अंक के साथ पहले पायदान पर बरकरार हैं। भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच सात से 11 जून के बीच खेले गये डब्ल्यूटीसी फाइनल में स्मिथ (121) और हेड (163) ने पहली पारी में शतक जड़कर कंगारुओं को विशाल स्कोर तक पहुंचाया था। पहले दिन खेली गयी इन दोनों पारियों से न उबर पाने के कारण भारत को 209 रन की हार का सामना करना पड़ा था। लाबुशेन, स्मिथ और हेड के अलावा ऑस्ट्रेलिया के सलामी बल्लेबाज उस्मान ख्वाजा भी टेस्ट रैंकिंग के शीर्ष 10 में शामिल हैं। ऋषभ पंत (10वां पायदान) शीर्ष 10 में एकमात्र भारतीय हैं। दूसरी पारी में चार विकेट चटकाने वाले ऑस्ट्रेलियाई ऑफ-स्पिनर नेथन लायन गेंदबाजों की सूची में छठे स्थान पर आ गये हैं। डब्ल्यूटीसी फाइनल से बाहर रहने के बावजूद रविचंद्रन अश्विन शीर्ष टेस्ट गेंदबाज बने हुए हैं। इसी बीच, शार्दुल ठाकुर खिताबी मुकाबले में अपने ऑलराउंड प्रदर्शन के दम पर जबरदस्त छलांग लगाकर हरफनमौलाओं की सूची में 31 स्थान पर आ गये हैं। शार्दुल ने डब्ल्यूटीसी फाइनल में दो विकेट चटकाने के अलावा 51 रन की महत्वपूर्ण अर्द्धशतकीय पारी भी खेली थी।

## चोट के कारण एकदिवसीय विश्व कप से बाहर हुए ब्रेसवेल

वेलिंगटन, 14 जून। न्यूज़ीलैंड के ऑलराउंडर माइकल ब्रेसवेल दाहिनी एड़ी की चोट के कारण भारत में अक्टूबर-नवंबर में होने वाले एकदिवसीय विश्व कप में हिस्सा नहीं ले सकेंगे। न्यूज़ीलैंड क्रिकेट (एनज़ेडसी) ने बुधवार को इसकी जानकारी देते हुए कहा कि ब्रेसवेल को इंग्लैंड के टी20 ब्लास्ट में वॉर्वेस्टरशर रैपिड्स के लिये खेलते हुए चोट लगी, जिसके कारण वह करीब छह से आठ महीने के लिये क्रिकेट से दूर रहेंगे। एनज़ेडसी ने बताया कि ब्रेसवेल गुरुवार को ब्रिटेन में अपनी एड़ी की सर्जरी करवाने के बाद रिहैब प्रक्रिया शुरू करेंगे। न्यूज़ीलैंड के कोच गैरी स्टीड ने ब्रेसवेल की चोट पर कहा, "आपको चोट लगने पर एक खिलाड़ी के लिये बुरा लगता है, खासकर तब जब वह एक विश्व आयोजन से बाहर रहने वाले हों। माइकल टीम का एक अहम हिस्सा हैं और अंतरराष्ट्रीय पदार्पण के बाद से न्यूज़ीलैंड के लिये उनके 15 महीने बेहतरीन गुज़रे हैं।''

उन्होंने कहा, "हमने खेल के तीनों मोर्चों पर उनका अद्भुत कौशल देखा है और वह भारत में होने वाले विश्व कप के लिये एक अहम खिलाड़ी बनकर उभर रहे थे। माइकल स्वाभाविक रूप से बहुत निराश हैं, लेकिन उन्होंने यह स्वीकार किया है कि चोटें खेल का हिस्सा हैं और वह अब अपना ध्यान अपने रिहैब पर लगा रहे हैं।'' इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर (आरसीबी) के लिये खेलने वाले ब्रेसवेल अप्रैल से न्यूजीलैंड से दूर हैं। वह सर्जरी के बाद दो हफ़्तों तक स्वदेश नहीं लौट सकेंगे।

## इंडोनेशिया ओपन : प्री-क्वार्टरफाइनल में भिड़ेंगे लक्ष्य, श्रीकांत

जकार्ता, 14 जून। युवा भारतीय शटलर लक्ष्य सेन और किदांबी श्रीकांत ने बुधवार को इंडोनेशिया ओपन 2023 में अपने-अपने मुकाबले जीतकर प्री-क्वार्टरफाइनल में जगह बना ली। लक्ष्य ने पुरुष एकल के पहले चरण में मलेशिया के ली ज़ी जिया को मात्र 33 मिनट में 21-17, 21-13 से हराया, जबकि किदांबी ने चीन के लू गुआंग ज़ू को 21-13, 21-19 से मात दी। प्री-क्वार्टरफाइनल में लक्ष्य और किदांबी आमने-सामने होंगे।

साल के आखिरी सुपर 1000 आयोजन में विश्व नंबर 19 लक्ष्य ने विश्व नंबर 11 ज़ी जिया को हराकर आमने-सामने के मुकाबलों में 3-1 की बढ़त बना ली। यह मई 2022 में हुए थॉमस कप के बाद लक्ष्य और ज़ी जिया का पहला मुकाबला था। पिछली बार हुई भिड़ंत में मलेशियाई शटलर ने बाज़ी मारी थी।

दूसरी ओर, श्रीकांत ने अपने चीनी प्रतिद्वंदी को हराने के लिये सिर्फ 46 मिनट का समय लिया। यह गुआंग ज़ू के विरुद्ध श्रीकांत की लगातार पांचवीं जीत है। इसी बीच, युवा भारतीय प्रियांशु राजावत ने थाईलैंड के कुनलावुत वितिदसर्न से वॉकओवर मिलने के बाद दूसरे चरण में कदम रखा। प्री-क्वार्टरफाइनल में प्रियांशु का सामना एंथनी गिनटिंग या हान्स विटिंगस में से किसी एक से होगा।

इसी बीच, आकर्षी कश्यप महिला एकल में कोरिया की आन सेयंग से हारकर टूर्नामेंट से बाहर हो गयीं। इस साल थाईलैंड ओपन और सिंगापुर ओपन का खिताब जीतने वाली सेयंग ने पहले गेम में आकर्षी को 21-10 से हराया। दूसरे गेम में आकर्षी कोई दमखम नहीं दिखा सकीं और कोरियाई शटलर ने 21-4 से गेम जीतकर 28 मिनट में मैच खत्म किया।

## उत्तम के लिये सितारों से आगे जहां और भी है

बेंगलुरु, 14 जून। भारतीय जूनियर पुरुष हॉकी टीम के साथ सुल्तान जोहोर कप 2022 और जूनियर एशिया कप 2023 जीतने वाले कप्तान उत्तम सिंह ने भले ही पिछले एक साल में बहुत कुछ हासिल किया हो, लेकिन यह उनके सफर की महज शुरुआत है तथा उनके लिए सितारों से आगे जहां और भी है। एक साधारण परिवार में जन्मे उत्तम उत्तर प्रदेश के करमपुर जिले में पले-बढ़े। इसके बाद उन्होंने हॉकी के अपने जुनून को अपना जीवन बनाने के लिये लुधियाना हॉकी अकादमी का रुख किया। उत्तम ने बचपन के बारे में हॉकी इंडिया से कहा, मेरा परिवार 2019 तक मिट्टी के बने घर में रहता था। हम एक बहुत ही बुनियादी जीवन जीते थे। हॉस्टल जाने के बाद ही मुझे अपने कमरे में एक पंखा और कूलर रखने का सौभाग्य मिला, जबकि मेरे माता-पिता ऐसी किसी सुविधा के बिना सोते थे। मुझे यह अच्छा नहीं लगता था, मैं चाहता था कि मेरे माता-पिता के पास भी सबसे अच्छी सुविधाएं हों और मुझे पता था कि हॉकी में करियर मेरी किस्मत बदल देगा। उन्होंने कहा, कठिन समय अभी शुरू ही हुआ था। जब मैं हॉकी में एक दशक बिताने के बाद भी जूनियर टीम में नहीं चुना जा रहा था, तो मुझे लगा जैसे मैंने हॉकी से जुड़े रहने का गलत निर्णय लिया। साल 2017 में उत्तर प्रदेश की टीम के लिये जूनियर राष्ट्रीय चैंपियनशिप खेलना भी भारतीय टीम तक पहुंचने के लिये पर्याप्त नहीं था, लेकिन मैं अपने माता-पिता की खातिर कभी निराश नहीं हुआ, मुझे बस अगली राष्ट्रीय चैंपिनयशिप में बेहतर प्रदर्शन करना था। उत्तम ने एयर इंडिया के लिये हॉकी इंडिया राष्ट्रीय चैंपियनशिप में अपने प्रदर्शन के दम पर 2019 में भारतीय जूनियर पुरुष टीम में प्रवेश किया। उन्होंने बतौर कप्तान भारतीय टीम को सुल्तान जोहोर कप और जूनियर पुरुष एशिया कप में शीर्ष स्थान पर पहुंचाया। उत्तम ने कहा, यह जानते हुए कि मेरे माता-पिता और मैंने क्या झेला है, मुझे पता है कि मुझे कभी भी खुद से आगे नहीं बढ़ना चाहिए और साथ ही मैं कभी भी थोड़े में खुश नहीं रहना चाहता। यह तो सिर्फ शुरुआत है। मैं और भी बहुत कुछ हासिल करना चाहता हूं। उत्तम का कहना है कि उनका अगला लक्ष्य जूनियर विश्व कप जीतना है। उत्तम इससे पहले उस भारतीय टीम का हिस्सा भी थे जो एफआईएच ओडिशा हॉकी पुरुष जूनियर विश्व कप भुवनेश्वर 2021 के सेमीफाइनल में हारने के बाद पोडियम स्थान हासिल करने से चूक गयी थी। उत्तम ने कहा, हमारे कोच चाहते हैं कि जीत हमारी आदत बन जाए। सुल्तान जोहोर कप और जूनियर एशिया कप की जीत के बाद हमें हमारे कारनामों को जारी रखना चाहिए। हमारा पूरा ध्यान अब जूनियर विश्व कप पर है। जूनियर विश्व कप में जीतने की उम्मीदें वास्तविक हैं। यह हमारे पिछले प्रदर्शनों पर आधारित है। हम सीनियर पुरुष हॉकी टीम के साथ भी नियमित रूप से खेलते हैं और मैच अक्सर करीब होते हैं। इसलिए, हम जानते हैं कि हमारे पास क्षमता है, हमें खुद को बेहतर बनाने और उम्मीदों पर खरा उतरने की जरूरत है।

## गुजरात में 47 हज़ार लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया

गांधीनगर, 14 जून। गुजरात राहत आयुक्त आलोक कुमार पांडे ने बुधवार को कहा कि, संभावित चक्रवात से प्रभावित होने वाले जिलों से अब तक 47 हजार से अधिक नागरिकों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया है।

राज्य के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल ने गांधीनगर स्थित स्टेट इमरजेंसी ऑपरेशन सेंटर में उच्च स्तरीय बैठक आयोजित कर 'बिपरजॉय' चक्रवात के मद्देनजर प्रशासन द्वारा किये गए कार्यों की जानकारी प्राप्त की। इस बैठक में मुख्य सचिव सहित अन्य उच्च अधिकारी भी उपस्थित थे। बैठक में उन्होंने चक्रवात की संभावित स्थिति से निपटने के लिए प्रशासन की तैयारियों की जानकारी प्राप्त की तथा आवश्यक सुझाव दिए। केंद्रीय मौसम विज्ञान विभाग की क्षेत्रीय निदेशक मोहंती ने बैठक में मौसम की स्थिति के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि, 15 जून को उत्तरी गुजरात के बनासकांठा, साबरकांठा, पाटण जैसे ज़िलों में भी बारिश होने का अनुमान है।पांडे ने इस समीक्षा बैठक में जानकारी देते हुए कहा कि, संभावित चक्रवात से किसी भी प्रकार की जनहानि न हो इसके लिए राज्य सरकार पूर्ण रूप से बचाव एवं राहत कार्य के लिए तैयार है।

# पायलट ने हादसे में मृत लोगों को श्रद्धांजलि दी

गुढ़ागौड़जी, 14 जून (निसं)। पूर्व डिप्टी सी.एम. सचिन पायलट बुधवार को नीमकाथाना से चलकर झड़ाया, नगर, चला, गुहाला, बुधसिंह का ताल मावता, कालसया की ढाणी, अडवाना, मणकसास आदि गांवों से होते हुए राजीवपुरा पहुंचे। राजीवपुरा में सिराधना की ढाणी में ट्रेक्टर ट्राली हादसे में मारे गए श्रद्धालुओं को श्रद्धांजलि दी और मृतकों के चित्र पर पुष्प अर्पित किए। पायलट ने शोक संतप्त परिवारों को उनके घर जाकर सांत्वना दी एवं घायलों की भी कुशलक्षेम पूछी। इस मौके पर मृतकों के आश्रितों को दो-दो लाख रूपए की सहायता भी दी गई। यह राशि सैनिक कल्याण मंत्री राजेंद्र गुढ़ा की ओर से दी गई।

> ■ पूर्व उप मुख्यमंत्री सचिन पायलट सिराधना की ढाणी, ट्रैक्टर ट्राली हादसे में मृत लोगों के घर गए। इस मौके पर मृतकों के आश्रितों को दो-दो लाख रू. की सहायता भी दी गई।

ज्ञातव्य है कि, सोमवार को उदयपुरवादी के मनसा माता मंदिर में, मंत्री राजेन्द्र गुढ़ा ने यज्ञ और भंडारे का आयोजन किया था, जिसमें शामिल होने दूरदराज से लोग आए थे। इसी कार्यक्रम में शामिल होकर ट्रैक्टर ट्रॉली से लौट रहे लोग उस समय हादसे का शिकार हो गए जब ट्रैक्टर ट्रॉली 80 फीट गहरी खाई में गिर गई। हादसे में 8 लोगों की मौत हो गई और 50 से अधिक लोग घायल हो गए।

पायलट के दौरे के अवसर पर सैनिक कल्याण बोर्ड के मंत्री राजेंद्र सिंह गुढ़ा, नीम का थाना विधायक व व्यापारी कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष सुरेश मोदी, मीन सेना प्रमुख सुरेश मीणा किशोरपुरा, पूर्व सरपंच शीशराम खटाणा तथा बड़ी संख्या में अनेक प्रबुद्ध नागरिक व आमजन मौजूद थे।



*सचिन पायलट ने ट्रेक्टर ट्रॉली हादसे में मारे गये लोगों को श्रद्धाजंलि अर्पित की। तथा परिजनों से मुलाकात की।*

## चक्रवात के कारण सौ से अधिक ट्रेनें प्रभावित

नयी दिल्ली, 14 जून। पश्चिम रेलवे ने बुधवार को बताया कि, कई राज्यों में शक्तिशाली चक्रवात 'बिपरजॉय' के कारण सौ से अधिक ट्रेनों का परिचालन प्रभावित हुआ है।

रेलवे के एक प्रवक्ता ने बताया कि, 69 ट्रेनों को निलंबित कर दिया गया है, जबकि 33 ट्रेनों को उनके गंतव्य से पहले रोक दिया गया है और 25 ट्रेनों को कुछ स्टेशनों के बीच से ही संचालित करने की व्यवस्था की गई है। चक्रवात से निपटने के लिए प्रशासन ने पूरे इंतजाम कर लिए हैं। इसका असर भावनगर, महुआ, वारिवल और पोरबंदर में महसूस किया जाएगा। सोमवार से मालगाड़ी डबल स्टैक से लैस होगी। व्यवस्थाओं की समय-समय पर समीक्षा की जा रही है।

> ■ पश्चिम रेलवे ने 69 ट्रेनों निलम्बित कर दिया व 33 ट्रेनों को गंतव्य से पहले ही रोक दिया है।

प्रवक्ता के मुताबिक रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव चक्रवात की गति और पूरी व्यवस्था पर खुद कड़ी निगरानी रख रहे हैं।

## 'वादे करके चुनाव...

**( प्रथम पृष्ठ का शेष )**

इस कदर है कि अब वे पड़ौसी राज्यों में जाने की धमकी दे रहे हैं। बेलगावी की औद्योगिक इकाइयों ने कहा कि वे कोल्हापुर शिफ्ट कर लेंगे। बिडाडी वालों ने बिजली की शुल्क वृद्धि वापस लेने की मांग की है।

औद्योगिक इकाइयों ने सरकार को एक हफ्ते का अल्टीमेटम दिया है अगर बिजली की शुल्क वृद्धि वापस नहीं ली गई तो राज्य भर में हड़ताल करेंगे, पर इससे पहले एक दिन का सांकेतिक विरोध करेंगे। औद्योगिक इकाइयां हैरान हैं कि ना केवल बिजली मंहगी कर दी गई है बल्कि बढ़ी हुई दरें जनवरी से लागू की गई हैं जिससे उन्हें अतिरिक्त भुगतान करना होगा।

बेलगावी इंडस्ट्रीज़ एसोसिएशन ने सरकार को लिखे पत्र में कहा कि नई दरों से बिजली के बिल में 35 प्रतिशत वृद्धि हो जाएगी। उन्होंने दरें घटाने की मांग की। औद्योगिक इकाइयों के मालिकों ने विरोध जताने के लिए मौन जुलूस भी निकाला।

बिडाडी की औद्योगिक इकाइयों, जिसमें विश्व के टॉप ब्रैंड्स शामिल हैं, जैसे टोयोटा, कोका कोला, ब्रिटेनिया आदि, ने सरकार से दरे बढ़ाने का फैसला वापस लेने को कहा।

बंगलौर चैम्बर ऑफ कॉमर्स ऑफ इंडस्ट्री ने सरकार से कहा है कि बिजली की दरों में वृद्धि को दो साल के लिए टाला जाए क्योंकि औद्योगिक क्षेत्र भारी संकट से गुजर रहा है। कर्नाटक की लघु औद्योगिक इकाइयों ने भी कहा कि अगर बढ़ी हुई दरे वापस नहीं ली गई तो कई औद्योगिक इकाइयां बंद हो जाएगी। भाजपा भी सक्रिय हो गई है और बिजली शुल्क वृद्धि के खिलाफ प्रदर्शन कर रही है।

> ■ हालांकि, नयी कांग्रेस सरकार बार-बार समझा रही है कि, बिजली की दर में वृद्धि पुरानी सरकार का निर्णय था और अब कांग्रेस सरकार इस निर्णय को बदल नहीं सकती। पर समझाइश का खास असर नहीं हो रहा जनता पर।
>
> ■ कांग्रेस को डर है कि, यह असंतोष इस तरह ही बढ़ता रहा तो, छः महीने बाद होने वाले लोकसभा चुनाव में क्या होगा।

## नये संसद भवन में प्रदर्शित...

**( प्रथम पृष्ठ का शेष )**

नहीं है। वे अखंड भारत की बात करते हैं जिसमें वे सब एतिहासिक क्षेत्र शामिल हैं जो आम स्वतंत्र देश हैं।

सत्तारूढ़ पार्टी के कुछ अति उत्साही नेताओं ने तो नक्शे के साथ फोटो खिंचवाएं और सोशल मीडिया पर पोस्ट किए। भारत के अंतर्राष्ट्रीय आलोचक अब कह रहे हैं कि, इन प्रवृत्तियों को ऐसे ही खारिज नहीं किया जा सकता है क्योंकि कभी-कभी यह सच्चाई बन सकती है।

उदाहरण के लिए रूस के राष्ट्रपति व्लादिमिर पुतिन ने गत वर्ष पीटर महान के काल के इम्पीरियल रशिया की शानो शौकत को पुनः हासिल करने के लिए यूक्रेन पर हमला किया था। उन्होंने अपने युद्ध को सही ठहराने के लिए कहा कि सोवियत काल में भी यूक्रेन रूस का हिस्सा था।

चीन के शी जिनपिंग ने भी इसी प्रकार से चीन की अन्तर्राष्ट्रीय कूटनीति को सही ठहराने के लिए इतिहास का इस्तेमाल किया है। उन्होंने इस आधार पर समूचे दक्षिण चीन सागर और उसके कई द्वीपों को चीन का हिस्सा बताया है।

शी जिस क्षेत्र पर दावा कर रहे हैं वह इस समय विश्व के सर्वाधिक महत्वपूर्ण समुद्री मार्गों में से एक हैं। ग्लोबल ट्रेड का बड़ा भाग दक्षिण चीन सागर से होता है। इसी प्रकार से शी भारतीय क्षेत्र के एक बड़े भाग को तिब्बत का हिस्सा बताकर उसे चीन का हिस्सा बता रहे हैं। भारतीय सीमा पर चीन की सैन्य गतिविधियां भी बढ़ रही हैं, जिनका अक्सर भारत ने माकूल जवाब दिया है।

संसद में लगे नक्शे पर पाकिस्तान, बांग्लादेश और नेपाल आपत्ति जता चुके हैं। कुछ पाक विशेषज्ञों ने कहा कि ये बातें पाक सेना के भारत विरोधी रूख की आग में घी डालती हैं कि भारत की नज़र पाकिस्तान पर है, वह इस पर कब्जा करना चाहता है।

## नितिन अग्रवाल बीएसएफ महानिदेशक बने

नयी दिल्ली, 14 जून। भारतीय पुलिस सेवा के 1989 बैच के अधिकारी नितिन अग्रवाल ने बुधवार को यहां सीमा सुरक्षा बल के महानिदेशक का कार्यभार संभाल लिया।

अग्रवाल को डॉ. एस एल थाओसेन के स्थान पर यह जिम्मेदारी सौंपी गयी है। उन्होंने भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान दिल्ली से बी टैक और एम टैक की डिग्री के साथ साथ पंजाब विश्वविद्यालय से सामाजिक विज्ञान में एम फिल किया है। अग्रवाल ने अपने लंबे सेवाकाल के दौरान केरल पुलिस में विभिन्न पदों पर कार्य किया है। वे केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल , भारत तिब्बत सीमा पुलिस और सशस्त्र सीमा बल में भी महत्वपूर्ण पदों पर कार्य कर चुके हैं। उन्हें वर्ष 2007 में उल्लेखनीय सेवा के लिए पुलिस पदक तथा 2015 में विशिष्ट सेवा के लिए राष्ट्रपति के पुलिस पदक से सम्मानित किया जा चुका है।

## करोड़पतियों का भारत से ...

**( प्रथम पृष्ठ का शेष )**

स्विट्ज़रलैंड तथा यू.ए.ई. ने अपनी धरती को न केवल रहने, बल्कि धन को सुरक्षित एवं संरक्षित रखने के मामले में अच्छी खासी प्रतिष्ठा आर्जित कर ली है। इन देशों ने स्वयं को अत्यधिक आकर्षक बिजनैस हब के रूप में स्थापित कर लिया है, जहाँ कम्पनियाँ वित्तीय रूप से लाभकारी क्षेत्र में फल-फूल सकती हैं क्योंकि वहां कार्पोरेट टैक्स दरें अनुकूल है तथा धन एवं उन्तराधिकार संबंधी टैक्स शून्य है।"

रिपोर्ट कहती है कि अगर साल-दर-साल के आधार पर देखा जाये तो भारत से जाने वाले एच.एन.आई. की संख्या में कमी आई है तथा चीन और इंग्लैंड से जाने वाले लोगों की संख्या में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। रिपोर्ट कहती है, "चीन के अरबपति सर्वाधिक संख्या में विदेशों में बस रहे हैं। पिछले कुछ वर्षों में, देश की "जनरल वैल्थ ग्रोथ कम होती जा रही है, जिसका अर्थ है कि हाल ही में हो रहा निर्गमन आमतौर से होने वाले निर्गमन की अपेक्षा ज्यादा नुकसानदायक हो सकता है। खासतौर से, कई बड़े बाजारों (अमेरिका, इंग्लैंड तथा ऑस्ट्रेलिया) द्वारा हुआवे 5जी पर लगाई गई रोक, चीन के लिये एक बहुत बड़ा आघात प्रतीत हो रही है क्योंकि देश की आगामी ग्रोथ योजना इसके हाई-टैक सैक्टर पर ही आधारित थी।"

रिपोर्ट यह भी कहती है कि 2017 से 2022 के बीच करीब 12,500 अरबपति इंग्लैंड छोड़कर चले गये हैं। इसके कारणों में शामिल हैं- बहुत ज्यादा कैपिटल गेन टैक्स तथा एस्टेट ड्यूटी दरें, जो विश्व की सर्वाधिक टैक्स दरों में एक है। इसके स्तर पर लन्दन स्टॉक एक्सचेंज के महत्व में कमी आना भी लोगों के अन्य देशों में बसने का एक महत्वपूर्ण कारण है।

## 'सरकारी...

**( प्रथम पृष्ठ का शेष )**

ने 23 तरह की जो दवाएं जब्त की थीं वो सीमा से अधिक नहीं थीं। जो दवाएं जब्त की गईं उनकी तादाद कम थी तथा डॉक्टर अतिलक्ष्मी ने रोगियों के लिए उन्हें अपने घर पर रखा था। बिना उचित लाइसैंस के दवाएं रखने के आरोप में मजिस्ट्रेट कोर्ट ने जो आदेश दिए थे उन्हें खारिज करते हुए डॉक्टर अतिलक्ष्मी को बरी कर दिया गया।

## भाजपा...

**( प्रथम पृष्ठ का शेष )**

समय मुख्यमंत्री के पुत्र श्रीकान्त शिंदे कर रहे हैं।

ऐसी अटकलें भी जोरों पर हैं कि भाजपा हाईकमान शिव सेना के 5 मंत्रियों के काम से अप्रसन्न है और चाहता है कि शिंदे उन्हें हटा दें।

मूल बात यह है- शिंदे भाजपा के पिछलग्गू बनना नहीं चाहते। आगामी महीनों में, शिव सेना के शिंदे गुट और भाजपा के बीच सीटों तथा सत्ता की हिस्सेदारी को लेकर छलकपट एवं धोखेबाजी की स्थितियाँ बढ़ने के आसार दिखाई दे रहे हैं।

## न्यू इंडिया ...

**( प्रथम पृष्ठ का शेष )**

कि, बीमा कंपनी ने सेवादोष करते हुए परिवादी का क्लेम निरस्त किया है। जिसके चलते परिवादी को मानसिक संताप हुआ है। ऐसे में बीमा कंपनी बीमा राशि के साथ ही अलग से क्षतिपूर्ति राशि व परिवाद व्यय भी देने के लिए जिम्मेदार है।

परिवाद में परिवादी ने कहा था कि, विपक्षी बीमा कंपनी से उसने अपने ट्रक की 27 अप्रैल, 2020 से 26 अप्रैल, 2021 की अवधि के लिए कमर्शियल व्हीकल एनहैन्समैंट कवर बीमा पॉलिसी लेकर 66 हजार 633 रुपए का भुगतान किया था। परिवादी 31 मार्च 2021 को पानीपत से वाहन में मटके भरकर गुजरात जा रहा था। इस दौरान राजसमंद जिले के दिवेर थाना इलाके में वाहन पलटी खाने से दुर्घटनाग्रस्त हो गया और उसमें सवार दो लोगों की मौत हो गई। घटना की सूचना बीमा कंपनी को देने के बावजूद भी क्लेम का भुगतान नहीं किया गया। वहीं, परिवादी ने करीब 15 लाख बीस हजार रुपए खर्च कर अपने स्तर पर वाहन को ठीक कराया। परिवाद में कहा गया कि, बाद में बीमा कंपनी ने चालक की गलती, ड्राइविंग लाइसैंस की शर्त का उल्लंघन व क्षमता से अधिक सवारी बैठाने की गलत व्याख्या करते हुए उसका क्लेम निरस्त कर दिया। परिवादी ने कहा कि, क्लेम राशि का भुगतान दिलाने के साथ ही मानसिक संताप और परिवाद व्यय के तौर पर उसे हर्जाना दिलाया जाए। सुनवाई करते हुए आयोग ने बीमा कंपनी पर हर्जाना लगाते हुए क्लेम राशि अदा करने को कहा है।

## 'पंजाब...

**( प्रथम पृष्ठ का शेष )**

पैदा हो गई हैं।

मूलतः 1934 में बने इन नियमों में अधिकारियों को महानिरीक्षण, उपमहानिरीक्षक और पुलिस अधीक्षक माना जाता था।




72198 21111 | BAJAJ FINANCE LTD - AF | BAJAJ SECURE • AMC • ROAD SIDE ASSISTANCE

*एक्स-शोरूम क़ीमत राजस्थान. नियम और शर्तें लागू. ऑफ़र केवल प्लैटिना 100ES, 110 ड्रम और 110ABS पर उपलब्ध. ऑफ़र केवल राजस्थान में सीमित समय के लिए उपलब्ध. #डाउन पेमेंट में DCC चार्जेस, प्रोसेसिंग फीस और अन्य चार्जेस शामिल नहीं हैं. फ़ायनान्स स्कीम पूर्ण रूप से फ़ायनान्सर के स्व-निर्णय पर और उसके संबंधित नियमों और शर्तों के अधीन है. बजाज ऑटो के पास किसी भी या सभी ऑफ़र्स को बिना पूर्व सूचना दिए वापस लेने का अधिकार सुरक्षित है. AMC निश्चित राज्यों में निश्चित मॉडल्स पर उपलब्ध. अधिक जानकारी के लिए अपने बजाज डीलर्स से चेक करें. रोड साइड एसिस्टेंस थर्ड पार्टी द्वारा दी जाती है और ये उनके नियम तथा शर्तों के अधीन है. दर्शाए गए एक्सेसरीज़, कलर्स और फ़िटमेंट मानक विशिष्टताओं का भाग नहीं भी हो सकते हैं. इस्तेमाल किए गए चित्र केवल उदाहरण हेतु हैं.

**Authorised Dealers for Bajaj Auto Ltd.: Udaipur:** Paras Chouraha RAJMANDIR BAJAJ 8290282280 • **Rajsamand:** S N BAJAJ 9116160519 • **Banswara:** BHARAT BAJAJ 9414101901 • **Dungarpur** RAJMANDIR BAJAJ 9413529926. • **Pratapgarh:** SHREE KRISHNA BAJAJ 9251248002 • **Chittorgarh** SURENDRA BAJAJ 9413315832.
**Authorised Service Centre: Vallabhnagar** 9413849311 • **Fatehnagar** 9829135362 • **Kanod** 9829370102 • **Gogunda** 9414546017 • **Dabok** 9214046932 • **Kherwara** 9460944433 • **Bhinder** 9460910001 • **Kurabad** 7742174813 • **Kheroda** 978560094 • **Rishabhdeo** 9680580885 • **Parsad** 7976055476 • **Intalikhera** 7568299096 • **Nathdwara** 9680650001 • **Railmagra** 9892747084 • **Simalwara** 9784372833 • **Sagwara** 9950057029 • **Sabla** 9414567878 • **Peeth** 9610006325 • **Bhiluda** 9413487481 • **Punali** 9928628473 • **Chitri** 9413112092, 9784509915 • **Bichhiwara** 9571293633, 7728880228 • **Garhi-Partapur** 9660022006, 9784495458 • **Arthuna** 9829475093 • **Chota Dungra** 8306176690 • **Sajjangarh** 9610270469 • **Bagidora** 8875523035 • **Ganoda** 7742912525 • **Chhoti Sadri** 9928071505 • **Dhariyawad** 9784184003 • **Parsola** 9001569457 • **Begun** 9413867805 • **Nimbahera** 7737544598 • **Dungla** 9460363215 • **Kapasan** 9414645003 • **Badi Sadri** 9571762113 • **Akola** 8769120835.

राष्ट्रदूत हिन्दु संयुक्त परिवार की ओर से सोमेश शर्मा द्वारा ज्वाईन्ट मीडिया, आजाद मार्ग, मैन रोड, आयड, उदयपुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-राजेश शर्मा, आर.एन.आई. नं. 57928/93 **जयपुर कार्यालय:** सुधर्मा एम.आई.रोड, जयपुर। फोन: 2372634, 4103333-34, फैक्स : 0141-2373513 **कोटा कार्यालय :** पलायथा हाऊस, छत्रपति शिवाजी मार्ग, कोटा। फोन: 2386031, 2386032,फैक्स:0744-2386033 **बीकानेर कार्यालय :** कुम्भाना हाऊस, हनुमान हत्था, बीकानेर। फोन: 2200660, फैक्स 0151-2527371 **अजमेर कार्यालय:** राष्ट्रदूत भवन, चुंगी नाका के पास, अजमेर। फोन: 2627612, फैक्स:0145-2624665 **जालोर कार्यालय :-** जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोन 226422,226423, फैक्स: 02973-226424 **हिण्डौनसिटी कार्यालय :-** जी -1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौनसिटी। फोन: 230200, 230400, फैक्स: 07469-230600 **चूरू कार्यालय :** एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू, फोन : 256906, 256907, फैक्स: 01562-256908